संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -187 गुरूवार, 09 मई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# हिट सॉन्ग का जिक्र कर वकील ने सरकार पर कसा तंज

### » जज ने भी गाने के जरिए उठाए सवाल

**नई दिल्ली,08 मई 2024 (ए)।** उत्तराखंड की जंगलों में लगी आग के मुद्दे पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में बहस हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता और वरिष्ठ एडवोकेट राजीव दत्ता ने उत्तराखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। अदालत ने भी उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाया। इस बीच राजीव दत्ता ने उत्तराखंड सरकार पर तंज करते हुए एक गाने का जिक्र किया उन्होंने कहा, एक लोकप्रिय गाना है, हमने आग शुरू नहीं की। दरअसल राजीव दत्ता अमेरिकी गायक बिली जोएल के एक एल्बम के गाने का जिक्र कर रहे थे यह एल्बम 1989 में सामने आया था। राजीव दत्ता के कमेंट के जवाब में जस्टिस मेहता ने भी एक दूसरे गाने का जिक्र कर उत्तराखंड सरकार पर तंज कर दिया। उन्होंने कहा कि जैसा काम करोगे वैसा ही फल मिलेगा

### बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे नहीं रह सकते: एससी

अदालत ने कहा है कि हम बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते हैं। सरकार को कारगर रूप से कुछ करना होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इन पर शीघ्र लगाम लगाने के लिए सरकार को आदेश देने को गुहार लगाई। याचिकाकर्ता ने कहा कि दो साल पहले भी एनजीटी में याचिका लगाई थी। लेकिन अब तक सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की है. इसलिए मुझे यहां आना पड़ा।



## अदालत ने पूछा उत्तराखंड सरकार क्या कर रही है?

जस्टिस गवई ने कहा कि क्या हम इसमें सेंट्रल एंपावर्ड कमिटी को भी शामिल कर सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया मे जंगलों मे आग की कैसी भयावह तस्वीरें आ रही हैं। क्या कर रही है राज्य सरकार? उत्तराखंड के जंगलों को आग को लेकर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि हम बारिश और क्लाउड सीडिंग के भरोसे बैठे नहीं रह सकते हैं।

## हालात बेहद गंभीर : याचिकाकर्ता

350 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 62 लोगों को नामजद किया गया है। 298 अज्ञात लोगों की पहचान को कोशिश जारी है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार जितने आराम से ब्योरा दे रही है हालात उससे ज्यादा गंभीर हैं। जंगल में रहने वाले जानवर, पक्षी और वनस्पति के साथ आसपास रहने वाले निवासियों के अस्तित्व को भी भीषण खतरा है।

## अदालत ने राज्य सरकार को लगायी फटकार

जस्टिस गवई ने कहा कि क्या हम इसमें सीईसी यानी सेंट्रल एंपावर्ड कमिटी को भी शामिल कर सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया मे जंगलों मे आग की कैसी भयावह तस्वीरें आ रही हैं। क्या कर रही है राज्य सरकार? उत्तराखंड के जंगलों को आग को लेकर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि हम बारिश और क्लाउड सीडिंग के भरोसे बैठे नहीं रह सकते हैं।

# ईव्हीएम में छेड़छाड़ के लिए मांगे 2.5 करोड़ रुपये

### » पुलिस ने सेना के जवान को किया अरेस्ट

**मुंबई, 08 मई 2024(ए)।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईव्हीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी मारुती धाकने ने एक चिप के जरिए ईवीएम में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे थे।



दानवे ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी ने दावा किया था कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 4 बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के पास एक होटल में शिवसेना के नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि जवान ने उनसे 2.5 करोड़ रुपये मांगे और बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। अंबादास दानवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर सादे कपड़ों में पुलिस की एक टीम को भेजा गया और आरोपी को राजेंद्र दानवे से एक लाख रुपये लेते वक्त रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने बताया,आरोपी पर काफी कर्ज है। उसने अपना कर्ज उतारने के लिए यह चाल चली। वह ईव्हीएम के बारे में कुछ नहीं जानता। हमने उसे गिरफ्तार कर लिया है और क्रांति चौक पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है।' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 511 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में पाथर्डी का रहने वाला है और वह जम्मू कश्मीर के उधमपुर में तैनात था।

# दो डॉक्टरों समेत 9 लोग गिरफ्तार

### » सीबीआई के एक्शन से हड़कंप मचा

**नई दिल्ली, 08 मई 2024(ए)।** सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने अस्पताल के दो डॉक्टरों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग मरीजों से इलाज के नाम पर रिश्वत वसूल रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करने वाले भी शामिल हैं। ये लोग पूरा रैकेट चलाकर अस्पताल आने वाले मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे.। सीबीआई ने सूत्रों से मिले इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए रिश्वतखोरी में शामिल 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पांच मॉड्यूल के जरिए भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे थे और मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे। मरीजों से स्टेंट और अन्य चिकित्सा आवश्यकताओं की आपूर्ति, स्टेंट के विशेष ब्रांड की आपूर्ति,लैब में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति, रिश्वत के बदले मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने और फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के नाम पर वसूली की जा रही थी।



# कोर्ट ने खारिज की जेल से दिल्ली सरकार चलाने की मांग वाली याचिका, लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली, 08 मई 2024 (ए)।** दिल्ली की शराब नीति मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित एक याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाया।रिपोर्ट के मुताबिक, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायाधीश मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता प्रेस और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर लगाम लगाने की मांग कर रहा है, जो नहीं कर सकते। उन्होंने याचिकाकर्ता पर 1 लाख रुपये का जुर्माना ठोका।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि केजरीवाल के इस्तीफे और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के निराधार दावों को लेकर जो मीडिया खबरें चल रही हैं, उनको रोका जाए। रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा कि वह मामले में क्या कर सकते हैं? क्या वह आपातकाल या फिर मॉर्शल कानून लागू करे?कोर्ट ने कहा कि वह प्रेस या राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का मुंह कैसे बंद कर सकता है? कोर्ट ने सवाल किया कि क्या वह यह कहता है कि कोई किसी के खिलाफ नहीं बोलेगा?कोर्ट ने साफ कहा कि वह न तो मीडिया को अपने विचार प्रसारित करने से रोकेगा और न राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर रोक लगाएगा।

# सैम पित्रोदा ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, 08 मई 2024 (ए)।** हाल ही में नस्लीय टिप्पणी कर के विवादों में आने वाले सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. उनके इस्तीफे को कांग्रेस ने तुरंत मंजूर भी कर लिया. इसके बारे में कांग्रेस के कद्दावर नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है.

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने दी। उन्होंने ङ्ग पर लिखा- पित्रौदा ने अपनी मर्जी से इस्तीफा दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया। बुधवार सुबह ही सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत में ईस्ट के लोग चाइनीज और साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं।

बयान देने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने इससे किनारा कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है।

# लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली, 08 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पांचवें चरण का मतदान 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में होना है। पांचवें चरण में इन 8 प्रदेशों के कुल 49 संसदीय क्षेत्रों में 20 मई को मतदान होगा। अंतिम चरण का मतदान 1 जून और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। बुधवार को पांचवें चरण के संबंध में जानकारी देते हुए निर्वाचन आयोग ने बताया कि पांचवें चरण के लिए कुल 1,586 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किए गए थे। सभी 8 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में पांचवें चरण के लिए नामांकन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई, 2024 थी। दाखिल किए गए सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद केवल 749 नामांकन-पत्र वैध पाए गए। नामांकन वापसी के बाद चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवारों की अंतिम संख्या 695 रह गई है।



पांचवें चरण में जिन स्थानों पर चुनाव होना है, उनमें बिहार की 5 सीटें, जम्मू एवं कश्मीर की 1, झारखंड की 3, लद्दाख की 1, महाराष्ट्र की 13 सीटें, ओडिशा की 5, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटें शामिल हैं।

# पुलिस ने घर से जब्त की करोड़ों की हेरोइन

**जालंधर, 08 मई 2024 (ए)।** पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन के साथ तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करके ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। जानकारी देते हैं पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस पार्टी को अवैध शराब, हथियार और हेरोइन, गोलियां और पाउडर जैसी दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद थाना डिवीजन 4 जालंधर में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर नंबर 44 के तहत 61-1-14 एक्साइज एक्ट, 21/22 एनडीपीएस एक्ट, 25 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि वीरेंद्र के खिलाफ छह और रोहित कुमार के खिलाफ पांच एफआईआर पहले से ही लंबित हैं। उन्होंने कहा कि आगे की जांच से पता चला कि वह पिछले कुछ समय से भरगाओ कैंप इलाके में नशा की तस्करी का नेटवर्क चला रहा था।



# एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें रद्द होने पर यात्रियों का हंगामा

### » विमानन मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 08 मई 2024 (ए)।** भारतीय एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 से ज्यादा उड़ानें अचानक रद्द कर दी गई हैं। इसके पीछे विमानन कंपनी के कर्मचारियों का एक साथ बीमारी के चलते छुट्टियों पर जाना बताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइंस के 300 से ज्यादा कर्मचारी मंगलवार देर रात बीमारी के चलते छुट्टी पर चले गए हैं और कई कर्मचारियों के मोबाइल भी बंद आ रहे हैं, जिसके चलते यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उड़ानें रद्द होने के बाद दिल्ली, तिरुवनंतपुरम और कोच्चि समेत कई एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा किया, जिसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। दिल्ली एयरपोर्ट के एक वीडियो में यात्रियों को चालक दल पर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है, जिनकी गोवा, गुवाहाटी और श्रीनगर जाने वाली फ्लाइट अचानक रद्द कर दी गई। यात्रियों ने आरोप लगाए कि एयरपोर्ट पर उनके ठहरने का पर्याप्त इंतजाम नहीं किया गया। विवाद बढ़ता देख नागरिक उड्डयन मंत्रालय भी सक्रिय हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक,नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मामले पर एयर इंडिया से रिपोर्ट मांगी है। खबर के मुताबिक, मंत्रालय ने उड़ानें रद्द करने के संबंध में एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है और उनसे मुद्दों को तुरंत हल करने को कहा है। साथ ही उन्हें नागर विमानन महानिदेशालय मानदंडों के अनुसार यात्रियों को सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है।उड़ान रद्द होने से जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 3-4 घंटे फंसे रहे। उन्होंने कहा, जब मैं नागरिक उड्डयन मंत्री था तो एयर इंडिया के पायलटों ने 40 दिन की हड़ताल का आह्वान किया। तब हम निजी एयरलाइंस लाए, लेकिन एयर इंडिया ने कोई सबक नहीं सीखा। अगर उड़ानें रद्द हो गईं तो हमें सुबह ही सूचित करना चाहिए था। यात्रियों को मूर्ख क्यों बनाया जाए? इतने लोगों को परेशान किया जा रहा है।



# दुष्प्रभावों के खुलासे के बाद कोविशील्ड खुराक का विनिर्माण,अतिरिक्त आपूर्ति रोकी

**नई दिल्ली, 08 मई 2024 (ए)।** ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मा दिग्गज एस्ट्राजेनेका ने वैश्विक स्तर पर अपनी कोविड-19 वैक्सीन वापस ले ली है, पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने बुधवार को कहा कि उसने दिसंबर 2021 में कोविशील्ड की अतिरिक्त खुराक का निर्माण और आपूर्ति बंद कर दी है। एस्ट्राजेनेका ने स्वेच्छा से अपने कोविड वैक्सीन के विपणन प्राधिकरण को वापस ले लिया है, जिसे भारत में कोविशील्ड और यूरोप में वैक्सजेवरिया के रूप में बेचा जाता है। एसआईआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारत में 2021 और 2022 में उच्च टीकाकरण दर हासिल करने के साथ-साथ नए उत्परिवर्ती प्रकार के उपभेदों के उद्भव के साथ पिछले टीकों की मांग काफी कम हो गई है। प्रवक्ता ने कहा, परिणामस्वरूप दिसंबर 2021 से हमने कोविशील्ड की अतिरिक्त खुराक का निर्माण और आपूर्ति बंद कर दी है। सीरम इंस्टीट्यूट ने कहा कि वे चल रही चिंताओं को पूरी तरह से समझते हैं और पारदर्शिता और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देना महत्वपूर्ण है।कंपनी ने कहा कि शुरुआत से ही, हमने 2021 में पैकेजिंग इंसर्ट में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ थ्रोम्बोसिस सहित सभी दुर्लभ से बहुत दुर्लभ दुष्प्रभावों का खुलासा किया है। थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बो साइटोपेनिक सिंड्रोम (टीटीएस) एक दुर्लभ दुष्प्रभाव है।



जिसके कारण लोगों में रक्त के थक्के बन सकते हैं और रक्त में प्लेटलेट की संख्या कम हो सकती है, जो ब्रिटेन में कम से कम 81 मौतों के साथ-साथ सैकड़ों गंभीर मामलों से जुड़ी है।एसआईआई ने जोर देकर कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान चुनौतियों का सामना करने के बावजूद टीके की सुरक्षा सर्वोपरि बनी हुई है।सीरम इंस्टीट्यूट ने कहा, चाहे वह एस्ट्राजेनेका का वैक्सजर्वरिया हो या हमारा अपना कोविशील्ड, दोनों टीके दुनिया भर में लाखों लोगों की जान बचाने में सहायक रहे हैं।हम महामारी के लिए एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया को सुविधाजनक बनाने में सरकारों और मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करते हैं।

C M Y K

## संपादकीय

### अंतिम फैसला तो जनता के हाथ में

सर्वोच्च अदालत ने लोक सभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और जांच एजेंसी से इसका जवाब मांगा।अदालत ने पांच सवाल पूछे और उनके जवाब लेकर आने का निर्देश दिया। दो सदस्यीय बेंच ने कहा कि स्वतंत्रता बहुत महत्त्वपूर्ण है। आखिरी सवाल गिरफ्तारी के संबंध में है। न्यायिक कार्यवाही के बिना, जो कुछ हुआ उसके संदर्भ में कार्यवाही कर सकते हैं।अदालत ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के लिए कहा कि पक्ष और विपक्ष में निष्कर्ष हैं। हमें बताएं कि केजरीवाल का मामला कहां है। क्या हम सीमा को बहुत विस्तृत बनाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि जो व्यक्ति दोषी है, उसका पता लगाने के लिए मानक समान हों। केजरीवाल 21 मार्च से शराब नीति घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत के तहत दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। केजरीवाल इस गिरफ्तारी से पहले ही सार्वजनिक तौर पर कई मर्तबा दोहरा चुके थे कि मोदी सरकार लोक सभा चुनाव के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर सकती है।दिल्ली सरकार के नेता पहले ही जेल में हैं। माना जा रहा है कि आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता विभिन्न राजनैतिक दलों के लिए चुनौती बनती जा रही है। सत्ताधारी दल की यह जिम्मेदारी है कि वह अन्य विपक्षी दलों के साथ पूर्वाग्रह भरा बर्ताव करने से बचे। दंड प्रक्रिया संहिता के अध्याय 5 में स्पष्ट प्रावधान है, कोई भी गिरफ्तारी इसके अधीन ही होनी चाहिए। केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध बता रहे हैं।यह कहना गलत नहीं है कि चुनाव के दरम्यान लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं तथा नोटिस भी थमाए जा रहे हैं या छापे तक डाले जा रहे हैं। दरअसल, केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिनके उत्तर मिलने चाहिए। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती।बेशक, न्यायिक व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। सार्वजनिक जीवन में रहने वाला कोई भी राजनीतिज्ञ यदि किसी तरह के घोटाले में शामिल है तो उसे दंडित करने के लिए अदालतें हैं। अदालतोंपर पहले ही लंबित मामलों का दबाव है।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप


**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

भारतीय इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रण बांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे है, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया।

गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला।

1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।



महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी।

18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी। लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था। महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे।

इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्व को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है। इस युद्व में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्व में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्व ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्व ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्व कर दिया।

हल्दी घाटी के युद्व के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुन्दा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था।

इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने 25 लाख रूपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनकों भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुनः सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पंहुचकर अपना सुरिक्षत मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुये भू भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। बांसवाडा और डूंगरपुर के शासकों को भी पराजित कर प्रताप ने अपने अधीन कर लिया। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ। महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोडकर सम्पूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चांवड को अपनी राजधानी बनाकर राज्य में शांति व्यवस्था कायम की।

महाराणा प्रताप कुशल शासक होने के साथ-साथ पीडितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चांवड मे चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी महाराणा प्रताप ने ही करवाया था। उनके दरबार में कई विख्यात चारण कवि थे। जिनमें कविवर माला सांदू और दुरासा आढा ने उनकी प्रंशसा में उच्च कोटि की काव्य रचना की। सादड़ी में जैन साधू हेमरत्न सूरि ने गोरा बादल-पद्मिनी चौपाई की रचना भी महाराणा प्रताप के समय ही की थी। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केन्द्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड शैली का प्रारम्भ करवाया था।

महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गये और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गयी। उनके शव को 29 जनवरी 1597 को चावंड लाया गया। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नो में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गये।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भारत में अंगदान की कमी से जा रही लोगों की जान


**-डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा

एक मृत अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। दान की गई दो किडनी दो रोगियों को डायलिसिस उपचार से मुक्त कर सकती हैं। दान किए गए एक लीवर को प्रतीक्षा सूची के दो रोगियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। दो दान किए गए फेफड़ों का मतलब है कि दो अन्य रोगियों को दूसरा मौका दिया गया है, और एक दान किए गए अग्न्याशय और दान किए गए हृदय का मतलब दो और रोगियों को जीवन का उपहार प्राप्त करना है। एक ऊतक दाता - कोई व्यक्ति जो हड्डी, टेंडन, उपास्थि, संयोजी ऊतक, त्वचा, कॉर्निया, श्वेतपटल, और हृदय वाल्व और वाहिकाओं को दान कर सकता है - 75 लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। भारत में अंग दान की प्रतिज्ञा को वास्तविक दान में तब्दील करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिकल स्टाफ को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्हें मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान के महत्व के बारे में परिवारों को पहचानने, पहचानने, सूचित करने और परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए।देश में तीन लाख मरीज अंगदान का इंतजार कर रहे हैं और देश में दाताओं की संख्या में वृद्धि मांग के अनुरूप नहीं है; विशेषज्ञों का कहना है कि देश को तत्काल मृतक दान दर बढ़ाने की जरूरत है, और आईसीयू डॉक्टरों और परिवारों के बीच इस बारे में अधिक जागरूकता होनी चाहिए कि कैसे एक मृतक दानकर्ता कई जिंदगियां बचा सकता है। तीन लाख से अधिक रोगियों की प्रतीक्षा सूची और अंग के इंतजार में हर दिन कम से कम 20 लोगों की मृत्यु के साथ, भारत में अंग दान की कमी, विशेष रूप से मृतक दान, भारी नुकसान उठा रही है। भारत में मृतक अंगदान की दर पिछले एक दशक से प्रति दस लाख की आबादी पर एक दाता से कम रही है।भारत को इसे प्रति मिलियन जनसंख्या पर 65 दान तक बढ़ाने की आवश्यकता है और ऐसा करने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ना होगा। देश में लगभग 600 मेडिकल कॉलेज और 20 से अधिक एम्स हैं। अगर हमें हर साल उनसे एक-एक दान भी मिले तो हम बेहतर स्थिति में रहेंगे। दुनिया भर में भी, अंगों की आवश्यकता वाले केवल 10त्न रोगियों को ही समय पर अंग मिल पाते हैं। स्पेन और अमेरिका में बेहतर अंग दान प्रणाली है, जहां प्रति मिलियन 30-50 दान की दर है। मरीजों के परिवारों को आगे आने और दान करने में मदद करने के लिए ट्रॉमा और आईसीयू डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना समय की मांग है, कई संभावित मामलों की उपलब्धता के बावजूद, भारत में अंग दान की कम दर मस्तिष्क मृत्यु या मस्तिष्क स्टेम मृत्यु मामलों की अपर्याप्त पहचान और प्रमाणीकरण के कारण हो रही है। अंगदान के मामले में देश का वार्षिक औसत अब भी प्रति दस लाख लोगों पर एक से भी कम दाता है। सड़क परिवहन के आंकडों के मुताबिक भारत में हर साल, करीब 150,000 लोग सड़कों पर मारे जाते हैं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं। अंग दान में मृत डोनर के अंगों- जैसे हृदय, यकृत (लिवर), गुर्दे (किडनी), आंतें, आंखें, फेफड़े और अग्न्याशय (पैनक्रियाज) को निकाल कर दूसरे व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है, जिसे जीवित रहने के लिए उनकी जरूरत है। एक मृत डोनर, जिसे कैडेवर भी कहा जाता है, इस तरह नौ लोगों की जान बचा सकता है। हालांकि हेल्थ प्रोफेशनल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं। कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है।

जनता अनिच्छुक और अविश्वासी है क्योंकि वे मस्तिष्क मृत्यु, अंग दान के विचार या इसके फायदों को पूरी तरह से नहीं समझते हैं। मृत्यु के बाद शरीर के बारे में सांस्कृतिक रीति-रिवाज सहमति में बाधा डाल सकते हैं, और कुछ धार्मिक मान्यताएँ अंग दान पर रोक लगाती हैं।भारत में पर्याप्त प्रत्यारोपण केंद्र, आवश्यक प्रशिक्षण वाले चिकित्सा पेशेवर या अंगों की पुनर्प्राप्ति, संरक्षण और परिवहन के लिए संसाधन नहीं हैं। अंग दान के लिए परिवार की सहमति प्राप्त करना अक्सर आवश्यक होता है। यह एक लंबी और भावनात्मक रूप से कठिन प्रक्रिया हो सकती है, जो दान में देरी कर सकती है या उसे रोक भी सकती है। यहां तक कि ऐसे मामलों में जहां अंग उपलब्ध हैं, कई रोगियों की पहुंच प्रत्यारोपण सर्जरी और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल की उच्च लागत के कारण और भी सीमित है। अंग विफलता वाले कई मरीज़ अंग की तीव्र कमी के परिणामस्वरूप प्रत्यारोपण का इंतजार करते समय मर जाते हैं।अगों की अत्यधिक आवश्यकता के कारण अवैध अंग व्यापार नेटवर्क को बढ़ावा मिलता है, जो कमजोर लोगों को नैतिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ-साथ शोषण के खतरे में डालता है। अंगों की सीमित आपूर्ति के कारण स्वास्थ्य संबंधी असमानताएं बढ़ जाती हैं, जिससे पैसे वाले लोगों के लिए इसकी संभावना अधिक हो जाती है। जीवनरक्षक प्रत्यारोपण प्राप्त करें। डायलिसिस और अन्य सहायक देखभाल उन कई संसाधनों में से हैं जिन पर अंतिम चरण के अंग विफलता वाले रोगियों के प्रबंधन के कार्य द्वारा भारी कर लगाया जाता है। सभी बातों पर विचार करने पर, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली निम्न अंगदान दरों से बहुत प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप टाली जा सकने वाली मौतें, अनैतिक व्यवहार और जीवन रक्षक देखभाल तक असमान पहुंच होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी को अंग प्रत्यारोपण तक उचित पहुंच मिले, इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है जिसमें नैतिक विचार, कानूनी सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास और सार्वजनिक शिक्षा शामिल है। एक मृत अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। दान की गई दो किडनी दो रोगियों को डायलिसिस उपचार से मुक्त कर सकती हैं।दान किए गए एक लीवर को प्रतीक्षा सूची के दो रोगियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। दो दान किए गए फेफड़ों का मतलब है कि दो अन्य रोगियों को दूसरा मौका दिया गया है, और एक दान किए गए अग्न्याशय और दान किए गए हृदय का मतलब दो और रोगियों को जीवन का उपहार प्राप्त करना है। एक ऊतक दाता - कोई व्यक्ति जो हड्डी, टेंडन, उपास्थि, संयोजी ऊतक, त्वचा, कॉर्निया, श्वेतपटल, और हृदय वाल्व और वाहिकाओं को दान कर सकता है। 75 लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। भारत में अंग दान की प्रतिज्ञा को वास्तविक दान में तब्दील करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिकल स्टाफ को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्हें मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान के महत्व के बारे में परिवारों को पहचानने, पहचानने, सूचित करने और परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए।

## प्यार के बारे में


**ओतेरी सेल्वा कुमार**
-चेन्नई तमिलनाडु-

एक बार की बात है, ग्रामीण इलाकों की ऊंची पहाड़ियों के बीच बसे एक छोटे से गांव में सोफिया नाम की एक युवा विधवा रहती थी। उनके पति की अचानक मृत्यु हो गई थी, जिससे वह अपने छोटे बेटे जैक की देखभाल के लिए अकेली रह गई। सोफिया की दुनिया बिखर गई और वह फिर से अपने जीवन में उद्देश्य और खुशी पाने के लिए संघर्ष करने लगी। एक दिन, घर से बाहर भागते समय, सोफिया की नज़र गाँव में एक अनोखी छोटी किताबों की दुकान पर पड़ी। उसने पहले कभी इस पर ध्यान नहीं दिया था, और स्टोर के आकर्षक बाहरी हिस्से के बारे में कुछ ने उसे अंदर खींच लिया। अंदर, वह मालिक से मिली, मैक्स नाम का एक दयालु और सज्जन व्यक्ति। मैक्स स्वयं एक विधुर था, और वह उस दर्द और अकेलेपन को समझता था जो सोफिया महसूस कर रही थी। जैसे ही सोफिया और मैक्स ने बात की, उन्हें साहित्य और कविता के प्रति साझा प्रेम का पता चला। मैक्स ने सोफिया को महान लेखकों के कार्यों से परिचित कराया और उन्होंने भाषा की सुंदरता और कहानी कहने की शक्ति पर चर्चा करने में घंटों बिताए। सोफिया इन वार्तालापों के प्रति अधिकाधिक उत्सुक थी, और जल्द ही, उसे एहसास हुआ कि उसे मैक्स से प्यार हो रहा है।लेकिन सोफिया दोबारा अपने दिल की बात कहने से झिझक रही थी। वह जैक को चोट पहुँचाने से डरती थी, और वह अपने दिवंगत पति की स्मृति को धोखा नहीं देना चाहती थी। मैक्स, उसके डर को समझते हुए, धैर्यवान और समझदार था। उसने चीजों को धीरे-धीरे लिया और धीरे-धीरे सोफिया को यह समझ में आने लगा कि प्यार विश्वासघात नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव है।जैसे-जैसे सोफिया और मैक्स का रिश्ता विकसित हुआ, जैक मैक्स से एक पिता की तरह प्यार करने लगा। उन तीनों ने अनगिनत दोपहरें ग्रामीण इलाकों में घूमते, हंसते और एक साथ खेलते हुए बिताईं। आख़िरकार सोफिया को ऐसा महसूस हुआ जैसे उसे उद्देश्य की एक नई समझ मिल गई है, और उसका दिल एक बार फिर प्यार और खुशी से भर गया।

साल बीतते गए और सोफिया और मैक्स ने एक साथ मिलकर एक सुंदर जीवन बिताया। उन्होंने कविताएँ और कहानियाँ लिखीं, किताबों की दुकान चलाई और जैक को एक दयालु और दयालु युवक के रूप में बड़ा किया। सोफिया को एहसास हुआ कि प्यार एक बार की चीज़ नहीं है, बल्कि एक यात्रा है, और वह उसे दिए गए दूसरे मौके के लिए आभारी थी। अंत में, सोफिया की कहानी आशा और लचीलेपन की थी, यह याद दिलाती थी कि प्यार सबसे गहरे घावों को भी ठीक कर सकता है, और जीवन आश्चर्य और दूसरे अवसरों से भरा है।

# एआई के पीछे दीवाने होते जा रहे हैं लोग


**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर बिहार

जी हां! आज हम सभी एआई के बारे में बात करेंगे। आखिर क्यों ? एआई लोगों को बड़ा ही आकर्षित कर रहा हैं और धीरे-धीरे लोग एआई के पीछे दीवाने होते जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है बिना कुछ मेहनत किए आप जिस तरह का बनना चाहते हैं उसे तरह का वेशभूषा बना देता हैं वो भी कम समय में। पहले डिजाइनिंग करने में काफी समय लगता था, लेकिन अब बस दो-तीन मिनट में तैयार हो जाता है। स्नैपचैट, इंस्टाग्राम और फेसबुक सभी जगह फिल्टर का इस्तेमाल किया जा सकता है। जहां आप बिना मेकअप किए, बिना सजे धारे सिर्फ फिल्टर का इस्तेमाल करके सुंदर बन सकते हैं, चश्मा लगा सकते हैं, तरह-तरह के बाल का हेयर स्टाइल कर सकते हैं। अब आप सभी देख रहे होंगे सोशल मीडिया पर बहुत ही फेमस हो रही है एक ऐसी ऐप जिसका इस्तेमाल करके आप राम जी जैसे बन सकते हैं या सीता बन सकते हैं। आप किसी हीरो हीरोइन के जैसे दिख सकते हैं तो सोचिए बस आपके फेस से आपका एक लुक बना दिया जा रहा है। आप जैसा पसंद करेंगे, जो भी डिजाइन में जैसा चाहेंगे आपको उसे तरह से तैयार करके दे दिया जा रहा है वो भी संकेडो/मिनट में। अब ध्यान दीजिए यहाँ आप ने अपना कैमरा अपने फेस के सामने किया और आपके फेस से आप जिस तरह का बनना पसंद किए वो लुक आपको मिल गया । आपको उस तरह का बना दिया गया। मान लीजिए आप सलवार सूट वाली लड़की हो और आपको एक दिन ऐसे ही मन किया और अपने हॉट ड्रेस एकदम मीनिंग वाली जो ड्रेस होती है उसे ड्रेस में अपना फोटो निकाल लिया। आप तो मस्ती मजाक में वो फोटो निकालकर स्टेटस लगा दिया और छोड़ दी भूल गई। लेकिन कोई आपका सगा संबंधी कोई दोस्त आपके उसी फोटो को अपने फोन में सेव कर ले और उसे पता हो इस बात का कि आपके घर वाले छोटे कपड़े पसंद नहीं करते हैं। वो आपके घर पर आया और आपके पैरेंट्स को बता रहा हो कि आप इस तरह के कपड़े पहन के बाहर जाते हैं और पता नहीं क्या-क्या करते हैं और फिर आपको उस फोटो के लिए सुनाया जाए जो आपने मस्ती मजाक में खीचा था। तो फिर क्या होगा क्योकि यह एक सच्ची घटना थी। आप आज के दुनियादारी में जी रहे हो एआई का इस्तेमाल करते होंगे लेकिन हो सकता है आपके परिवार की कोई सदस्य आपके माता-पिता एआई का इस्तेमाल नहीं करते हैं वह इस बातों को नहीं समझेंगे और वो जानते भी नहीं है और वहीं पर एक वाद विवाद खड़ा हो जाता है परिवार के बीच में छोटी सी अंडरस्टैंडिंग एक परिवार को मातम की तरह बना देती है इतनी लड़ाई झगड़े हुए क्योंकि एक घर में जब झगड़ा होता है तो एक जो मर्द होता है यानि लड़की के पिता है वह अपनी पत्नी को समझता है कि तुमने मेरी बेटी को सही सिखाया नहीं, क्या पहन के निकल रही है, क्या करेगी? वह तो इज्जत नीलाम कर देगी पता नहीं कहाँ से सीख ली है। अब सोचिए एक पिता परेशान की बाहर वाला आकर मेरी बेटी के बारे में बोलकर चला गया, पत्नी परेशानी क्योकि पति ने दस बात सुनाई, बेटी परेशान क्योंकि उसने कभी पहना ही नही था फिर भी ये सब हो रहा है। इसलिए जागरूक रहे और आप अपना फोटो कहाँ कहाँ लगाते है इसपर भी ध्यान दिया कीजिए। एआई से लोग खुश हैं क्योंकि लोग इसे अतरंगी मान रहे हैं जैसे जादू है। यह शुरू में बहुत ही अच्छा, बहुत ही प्यारा, मजेदार लगता है और लोग बड़े अच्छे से इस्तेमाल करते हैं अपने स्टेटस लगते हैं स्टोरी लगते हैं लोगों को दिखाते हैं देखो मेरा यह एक नया लुक है कैसे मैं लग रही हूं या लग रहा हूं। ठीक है अच्छा लगता है लेकिन आपका यहाँ गलत इस्तेमाल कैसे होगा।ये भी जान लिजिए कोई आदमी हो या कोई ऐप आपकी फोटो को सेव कर ले। आपकी फोटो का इस्तेमाल करके वह किसी वीडियो में गंदी फोटो में इस्तेमाल कर ले तब क्या होगा। अपने देखा होगा इंस्टाग्राम पर काफी सारे लोगों का गंदी वीडियो वायरल हो जाता है। इतने अच्छे से आपके फोटो को लगाया जाएगा कि आप खुद विश्वास नहीं कर पाएगे कि आप वो है ही नहीं। आज के समय में ज्यादातर क्राइम सोशल मीडिया से ही होता है इसलिए आप सभी जागरूक और सुरक्षित रहे। ऐप की जाँच करके फोटो खींचे और कही भी फोटो अपलोड नही करें।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## प्रेम


**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्रेम की ना कोई
स्वरूप ना कोई आकार
यह तो भाव के भुखे
निराकार और साकार।।
प्रित में विष भी लगता
अमृत का प्याला
ऐसा डूबता लोग हो
जाता वह मतवाला।।
अमीरी गरीबी की
नजर ना आता खाई
केवल अहसास होता
हम तो हैं सगेभाई।।
एक ही धर्म दिखता प्यार का
सब कुछ अच्छा लगता यार का।।
जात धर्म नही रखता कभी मायने
इसमे नहीं होते
कानून और कायदे।।
प्रणय सदा श्रद्धा में पड़े रहता
चेहरा और उम्र से परे रहता।।
यह होता त्याग का
सबसे उम्दा सूरत
यहाँ पूजा जाता
भावनाओं का मूरत।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मोर गाँव के गुलमोहर


**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

मोर गाँव के गुलमोहर
सुग्घर दुल्हन लागत हे
सिंदूरी सोलहा सिंगारी
सबके मन ल भावत हे।
हरियर जम्मो रुखराई म
सुघर मड़वा ह छवाये हे
डुमर के हे मंगरोहन डारा
पिंवर महुआ हरदी लागे हे
गुन-गुन भौंरा हर झुमय
तितली सुग्घर मंडराए हे
किंजर किंजर झुमत हावे
जईसे तेल हरदी चढ़ाए हे।
अमलताश ह दूल्हा लागे
जईसे सेहरा ह बंधाए हे
चले आवत हे जईसे बराती
कचनारी के पगड़ी लगाए हे।
मोर पापिहा कोयल कूके
जईसे बिहाव के गीत गाये हे
पुरवाही चलय सुरूर सुरूर
जईसे शहनाई के बाजाये हे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सरगुजा संसदीय क्षेत्र में कुल 79.89 प्रतिशत वोटिंग

## 10 प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में सील...शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुआ संपन्न

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर,08 मई 2024**

**(घटती-घटना)।** सरगुजा में शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा का चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार सरगुजा संसदीय क्षेत्र में कुल जिले में कुल 79.89 प्रतिशत वोटिंग हुई है। लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो सर्वाधिक मतदान लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में 84.04 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान संपन्न कराने के बाद पोलिंग पार्टियों के वापस होने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र का ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को जमा कर दिया गया है।





स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। चुनाव के बाद बुधवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज में सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार की उपस्थिति में निर्वाचन की संवीक्षा की गई। संवीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा विलास भोस्कर सहित सभी आठ विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी,राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। संवीक्षा के दौरान राजनीतिक दलों को मतदान के सम्बन्ध में संपूर्ण जानकारी दी गई। संमीक्षा बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा विधानसभावार मतदान संख्या एवं प्रतिशत, मतदान किए मतदाता,महिला, पुरुष व थर्ड जेंडर मतदाता वार जानकारी सहित मॉकपोल और वास्तविक मतदान में बदले गए मशीनों की विस्तृत जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों ने भी इस दौरान अपने सुझाव साझा किए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक,राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### 2019 की तुलना में इस बार ज्यादा हुआ मतदान...

लुण्ड्रा विधानसभा में सर्वाधिक 84.04 मतदान दर्ज किया गया,अंबिकापुर विधानसभा में 75.20 और सीतापुर विधानसभा में 79.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इस चुनाव में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में 15 लाख 23 हजार 22 मतदाता दर्ज थे, जिनमें से 11 लाख 87 हजार 305 मतदाताओं ने चुनाव के दौरान मतदान किया। इसमें 610812 पुरुष एवं 576493 महिला मतदाता शामिल रहे। मतदान का प्रतिशत 77.96 प्रतिशत दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव 2019 में संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 53 हजार 822 थी। जिसमें से 12 लाख 78 हजार 321 मतदाताओं ने मतदान किया था। इसमें 6 लाख 48 हजार 556 पुरुष मतदाता, 6 लाख 29 हजार 758 महिला मतदाता और 7 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे। इस निर्वाचन में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 77.29 प्रतिशत दर्ज किया गया। अब,लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत में पिछले निर्वाचनों से सकारात्मक वृद्धि हुई है। इस लोकसभा निर्वाचन में 18 लाख 19 हजार 347 मतदाता में से 14 लाख 53 हजार 444 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान करने वालों में 7 लाख 29 हजार 853 पुरुष मतदाता, 7 लाख 23 हजार 574 महिला और 17 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल रहे। इस निर्वाचन में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत रिकॉर्ड 79.89 प्रतिशत दर्ज किया गया है।



### प्रत्याशियों की नींद अभी भी गायब

सरगुजा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा का चुनाव 7 मई को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव में कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि कांटे की टक्कर भाजपा व कांग्रेस के बीच मानी जा रही है। इन सभी प्रत्याशियों का भाग्य मतदाताओं ने वोटिंग कर ईवीएम में कैद कर दिया है। परिणाम 4 जून को आएगा। जब तक परिणाम नहीं आ जाता तब तक प्रत्याशियों की नींदें गायब रहेंगी। वहीं काफी दिनों से चल रहे चुनाव प्रचार में व्यस्त प्रत्याशियों ने चुनाव के दूसरे दिन परिवार के साथ वक्त बिताया। हालांकि इस दौरान हर मतदान केन्द्रों से वोटिंग प्रतिशत मंगवाकर हार जीत के गुणा-भाग का मूल्यांकन करते रहे। दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

## युवक ने वोटिंग करते बनाया वीडियो और सोशल मीडिया पर कर दिया वायरल, गिरफ्तार

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर,08 मई 2024**

**(घटती-घटना)।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत 7 मई को सरगुजा लोकसभा सीट के लिए भी मतदान हुआ। इसमें मतदान करने आए एक युवक ने एक पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान किया और इसका वीडियो अपने मोबाइल पर बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक पर मतदान की गोपनीयता भंग करने का अपराध दर्ज किया गया है।

सरगुजा लोकसभा सीट के लिए 7 मई को वोटिंग हुई। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 196 प्राइमरी स्कूल सीतापुर में वोटिंग कराई जा रही थी। इसी दौरान वोटिंग करने पहुंचे सीतापुर के उरांवपारा निवासी 26 वर्षीय युवक दिलेश तिग्गा ने भी मतदान किया। मतदान करने के दौरान उसने अपने मोबाइल से एक पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान करने का वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ऐसे में युवक ने मतदान की गोपनीयता भंग की। इस मामले की शिकायत मतदान केंद्र क्रमांक 196 के पीठासीन अधिकारी द्वारा सीतापुर थाने में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दिलेश तिग्गा के खिलाफ धारा 171 (च) लोक प्रतिनिधि अधिनियम की धारा 130(1) के तहत अपराध दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस



युवक के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी भरतलाल साहू,आरक्षक पंकज देवांगन व धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

## लक्स साबुन की तरह मोदी जी भी मीडिया के उपयोग का दुरुपयोग कर रहे हैंःटीएस सिंह देव

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर,08 मई 2024**

**(घटती-घटना)।** प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में 75 पार का नारा छत्तीसगढ़ में दिया था। छत्तीसगढ़ और हमने देखा कि अंजाम क्या हुआ। मतदाताओं के बीच अपनी मंशा को पहले से इस तरह से प्रचारित करना फिर मार्केटिंग करना, मार्केटिंग भी ऐसा करना कि उस प्रोडक्ट के ऊपर लोगों का विश्वास भी न बने। जब यहां 75 पार नहीं हो सकता था तो वही 400 पार भी नहीं होगा।

पूर्व डिप्टी सीएम सिंह देव ने राधिका खेड़ा को लेकर कहा कि मैं ये जरूर कह सकता हूँ कि सुशील शुक्ला ऐसे व्यक्ति नही है जैसा प्रचारित किया जा रहा है, और मैने अपने तरफ से कई स्त्रोतो से जानकारी लेने की पहल की। यही बात सामने आई कि एआईसीसी दिल्ली मीडिया प्रमुख जो है उनका कार्यक्रम था और उस कार्यक्रम के संदर्भ में उन्होंने किसी को डायरेक्टली बिना प्रदेश के पदाधिकारियों को बताए सीधे मीडियाकारियों को जानकारी दी। सीधे जाकर सारे मीडिया हाउस में टाइम फिक्स कर लिया, तो यह उचित नहीं है। उस बात को लेकर एक माहौल बनाने का प्रयास किया गया।




देश में हो रहे चुनाव को लेकर सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस के लिए सुधार की स्थिति है। किसे कितनी सीट मिलेगी पता नहीं चलता। मतदाता भी खामोश रहता है। अटकलें लगाई जाती है कि वोटिंग कम हो रही है तो क्या होगा ? मतदाता चुप है तो क्या करेगा ? पता नहीं चलता आजकल समझ में नहीं आता है। लेकिन एक बात स्पष्ट कहा जा सकता कि देशभर में कहीं भी लहर नही है। जिस तरह से 2014 और 2019 में लहर देखने को मिला था। छत्तीसगढ़ में 11 सीट में से 8 सीटों में अच्छी स्थिति होगी लेकिन 3 सीटों में टक्कर का मुकाबला देखने को मिलेगा।

पूर्व डिप्टी सीएम ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग को इतना फैला हुआ नहीं होना चाहिए। 7 चरणों में चुनाव कराने का औचित्य नहीं है। अन्य राज्यों की बात करें तो तमिलनाडु में 39 से 40 सीटे हैं। जहां एक साथ चुनाव किए जा रहे हैं तो वहीं अन्य राज्यों में 7 चरणों में चुनाव हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ की बात करें तो 11 लोकसभा सीटे हैं। जिसमें एक साथ चुनाव आयोग चुनाव करवा सकता है। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि बस्तर में ही उन्हें दो चरणों में चुनाव करवाना पड़ रहा है। तो इससे साफ जाहिर होता है कि अनफेयर तरीके से प्रचार करने का मौका अन्य दलों को दिया जा रहा है।ल

पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि एलेक्ट्रोरल बॉन्ड की सच्चाई सामने आने के बाद भाजपा के पास अब कुछ रह नहीं गया है बोलने के लिए। पूर्व डिप्टी सीएम ने लक्स साबुन का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरीके से साबुन बेचने के लिए गोरे होने का प्रचार किया जाता है। उसी तरीके से प्रधानमंत्री भी मीडिया का उपयोग दुरुपयोग के स्तर तक कर रहे है। अपनी मार्केटिंग ऐसी करो कि कुछ भी बेच दो। ये सब रुकना चाहिए।

## पुलिस ने 16 किमी तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर जवान को एयरपोर्ट तक पहुंचाया

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर,08 मई 2024**

**(घटती-घटना)।** सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी पर आए असम पुलिस के जवान की तबियत अचानक बिगडने़ पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए सरगुजा पुलिस द्वारा अस्पताल से 16 किलोमीटर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से मां महामाया एयरपोर्ट तक पहुंचाया गया। फिर एयर एंबुलेंस से उसे रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल पहुंचाया गया। मेडिकल इमरजेंसी को लेकर सरगुजा में ग्रीन कॉरिडोर बनाने का यह पहला मामला है।







असम राज्य के गोलाघाट जिला अंतर्गत ग्राम सरूपाथर निवासी मनोज गोगोई उम्र 39 वर्ष असम पुलिस का जवान है। वह सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में कंपनी के साथ निर्वाचन ड्यूटी पर आया था। यहां अचानक उसकी तबियत बिगडने़ पर शहर के संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन सेरेब्रल फीवर की वजह से मल्टी ऑर्गन फेलियर के कारण उसकी स्थिति काफी नाजुक हो गई। मेडिकल इमरजेंसी देखते हुए निर्वाचन आयोग ने बुधवार को उसे रायपुर ले जाने हेतु एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराया। इसके बाद सरगुजा पुलिस ने संजीवनी अस्पताल से लगभग 16 किलोमीटर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से जवान को मां महामाया एयरपोर्ट पहुंचाया। इस दौरान रास्ते भर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि आवागमन में कोई बाधा न हो।

## महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता-



**अम्बिकापुर,08 मई 2024 (घटती-घटना)।** 20 लीटर महुआ शराब के साथ कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्कूटी में शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 7 मई को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की एक व्यक्ति स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएल 0989 में शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस नमनाकला स्थित शनिमंदिर के पास पहुंचकर संदेही को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो स्कूटी में रखे दो काटून में 20 लीटर अवैध महुआ शराब पाया गया। पुलिस ने स्कूटी सहित शराब को जब्त कर आरोपी आशीष मिंज (24) निवासी लक्ष्मीपुर बंजारी थाना मणिपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# पति ने पत्नी का मुंह-नाक दबा दिया तो हो गई बेहोश,फिर गला घोंटकर मार डाला

**» गले पर चोट के निशान देख मृतिका के परिजन ने हत्या की जताई थी आशंका**

- संवाददाता-

**सूरजपुर,08 मई 2024**

**(घटती-घटना)।** नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। महिला की हत्या उसके पति ने ही की थी और उसके मायके में झूठ बोला था कि पेट व सीने में दर्द का इलाज कराने जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई है। मृतका के परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने उसके गले पर चोट के निशान देख हत्या का आरोप लगाया था। डॉक्टरों के शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में भी हत्या की बात सामने आई। जब पुलिस ने उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गला घोंटकर हत्या की बात स्वीकार कर ली। उसने बताया कि पत्नी उसके चरित्र पर शक करती थी।



सूरजपुर जिले के झिलमिली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करौंदामुड़ा निवासी मुजिबुर्र रहमान 31 वर्ष की शादी नाशिबुन्निशा नामक 21 वर्षीय युवती से हुई थी। मंगलवार को उसने थाने में सूचना दी कि सीने व पेट में दर्द की शिकायत पर वह पत्नी को बैकुंठपुर इलाज के लिए ले जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

इस बात की खबर जब मायके वालों को लगी तो उन्होंने मारपीट कर हत्या की आशंका जताई थी। इसके बाद पुलिस ने शव का परीक्षण किया तो गले में चोट के निशान दिखाई दिए।

फिर पुलिस ने भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2 डॉक्टरों की टीम से शव का पीएम कराया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने हत्या की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने रात में ही उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की तो उसने गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर बुधवार को उसे जेल भेज दिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी फर्दीनंद कूजुर, एएसआई लवकुश राजवाडे, पास्कल लकडा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव ,महिला प्रधान आरक्षक चन्द्रकांत मुजनी,आरक्षक वसीम राजा व चंन्द्रदेव मरावी शामिल रहे।

### दूसरी लड़कियों से बातचीत का था शक

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पोल्ट्री फार्म का काम करता है तथा उसके मोबाइबल पर ग्राहकों के फोन आते रहते थे। इस पर पत्नी यह कहती थी कि किसी लडक़ी से बात करते हो। वह उसके चरित्र पर शक कर विवाद करती थी। उसने बताया कि 6 मई को उसके मोबाइल पर किसी लडक़ी का स्टेटस होने की बात पर विवाद करने लगी। उसने खाना खाना भी छोड़ दिया था।


### गला दबाकर मार डाला

आरोपी ने बताया कि घटना दिवस की रात वह पत्नी से खाना खाने की बात कही तो वह फिर विवाद करने लगी। इससे गुस्से में उसने दुपट्टे से उसका नाक और मुंह दबा दिया तो वह पलंग से नीचे गिर गई। सिर में चोट लगने से वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को दूसरे कमरे में जाकर रख दिया। यही नहीं, उसने फोन कर ससुराल में बताया कि सीने व पेट में दर्द हो रहा है।




### कोतवाली के सामने शव रखकर प्रदर्शन

आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतका के परिजनों ने मंगलवार की रात सूरजपुर कोतवाली के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया था। मृतिका के परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी की साजिश के तहत हत्या की गई है। मामले में झिलमिली पुलिस द्वारा जब आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही गई तो परिजन शव को घर ले गए थे।



# एक बार न्यूजीलैंड भी घूम आइए...



**अगर** आप सर्दी और क्रिसमस के दौरान विदेश यात्रा का प्लान बना रहे हैं, तो एक बार न्यूजीलैंड भी घूम आइए...। सर्दी और क्रिसमस की छुट्टियां निकट हैं। छुट्टियों के दौरान अक्सर लोग पर्वतीय, बर्फीले या समुद्री इलाकों में घूमना पसंद करते हैं, तो कुछ परंपरागत लोगों को वाइल्ड लाइफ और कुदरती खूबसूरती से भरे क्षेत्रों में फुर्सत के पलों को बिताना अच्छा लगता है। ऐसे में अगर विदेश में घूमने की प्लानिंग है, तो न्यूजीलैंड परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां बर्फीली चोटियां, झरने, द्वीप, अंगूर के बगीचे, लाल लकड़ियों वाले घने जंगल और दूर तक फैली समुद्र तट सब कुछ हैं।

यहां के नजारे आपको किसी स्वप्न लोक का एहसास कराएंगे। आइए, यहां के कुछ खुशनुमा पर्यटन स्थलों से आपको रूबरू कराते हैं... रोटोरुआ न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप स्थित रोटोरुआ अपनी कुदरती खूबसूरती की वजह से एक रहस्यमयी धरती है और आठवें अजूबे के रूप में दुनियाभर में लोकप्रिय है। इस स्थल को वर्ल्ड हेरिटेज का दर्जा भी हासिल है। यहां जमीन के अंदर से हर समय निकलते गर्म पानी के बुलबुलों को काफी उत्सुकता से लोग देखते हैं।

जमीन के गर्म पानी में वार्मबाथ लेने के लिए सैलानियों में यह क्षेत्र खूब लोकप्रिय है। इस जगह के कई और भी आकर्षण हैं। अगर आप यहां आएं, तो फ्लोटप्लेन और जेट बोटिंग का आनंद जरूर उठाएं। कंक्रीट के बने रनवे की बजाय पानी के ऊपर से ही ये प्लेन उड़ान भरते हैं। फिर सैलानियों को रोटोरुआ की हवाई सैर कराते हैं। ऊपर से शहर का प्राकृतिक नजारा देखकर आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। एडवेंचर के शौकीनों को भी यहां करने के लिए बहुत कुछ है, इनमें माउंटेन बाइकिंग, स्काई डाइविंग सैलानियों को खूब पसंद आती है।

अनुपम हैं प्राकृतिक नजारें-– नेपियर न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन से 320 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस शहर को माओरी भाषा में अहुरिरी कहा जाता है। यहां का हॉक्स बे इलाका पहाड़, समुद्रतट, बंदरगाह और हवाई अड्डे के कारण पर्यटन का मुख्य केंद्र है। लोग यहां दशकों पुरानी आर्ट डेको वास्तुकला को भी निहारने आते हैं। यहां का मियामी बीच काफी चर्चित है। खाने के शौकीन लोग अक्सर यहां खिंचे चले आते हैं, क्योंकि वाइन और फूड के लिए नेपियर काफी मशहूर है।

ऑकलैंड समुद्र तटों का आनंद उठाने के लिए ऑकलैंड बेहतरीन जगह है। यहां का सबसे बड़ा आकर्षण पानी के भीतर का सैर है। सैलानी इस यादगार लम्हे का लुत्फ उठाने से नहीं चूकते। चाहें तो यहां के नाइंटी माइल बीच पर गोताखोरी के साथ-साथ डॉलफिन मछलियों के साथ तैराकी का मजा भी ले सकते हैं। समुद्रतटों पर बने रिसॉर्ट में ठहरने का भी अपना एहसास है। यहां की रंगारंग पार्टियां, कसीनो, हॉट एयर बैलूनिंग, घुड़सवारी, बच्चों का एडवेंचर पार्क, क्लॉक म्यूजियम, काऊ वर्ल्ड पर्यटकों को खूब आकर्षित करते हैं। ऑकलैंड खरीदारी के लिए भी अच्छी जगह है। यहां कई फेमस रेस्टोरेंट और दुकानें हैं।



# प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप

हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं।

ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे। तो आइए जानते हैं उन जगहों के बारें में जहां पर आप प्री वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

**मंडावा-** अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।

**बूंदी -** राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

**शेखावाटी एरिया-** आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।


**रणकपुर-** रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

**भरतपुर-** राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का टच देना चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

**खिमसर-** दरअसल, यह गांवनुमा एक रिज़ॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

**कुंभलगढ़-** कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द ज़िले में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

**भैंसरोड़गढ़-** कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।



# सफर के दौरान इन चीजों का सेवन हो सकता है हानिकारक

लंबी छुट्टियों के दौरान हर कोई पूरे परिवार के साथ कहीं न कहीं घूमने जाने का प्लान बनाता है। गर्मियों की छुट्टी हो या वेकेशन हिल स्टेशन जाने का अपना ही मजा होता है। कई लोग सफर के दौरान गाने सुनते हैं तो कोई किताब पढते हैं तो कोई आराम करते हैं। सफर के समय भूख लगना एक बहुत ही ज़ाहिर सी बात हैं। हम घर से काफी सारी चीजें लेकर जाते हैं सफर के लिए लेकिन सफर में हम और चीजें भी खरीद लेते हैं। जिससे कई लोगों को सफर के दौरान उल्टी, जी मचलने की, सर घूमने की शिकायत रहती है और ऐसा होने पर सफर का मजा फीका पड़ जाता है। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि सफर में कि चिजों का सेवन हानिकार साबित हो सकता है।

**तला हुआ खाना –** ध्यान रहे कि सफर में कभी भी आप तले हुए खाने का सेवन ना करें ऐसा करने से आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता हैं। ट्रेन से यात्रा के दौरान कई बार स्टेशन पर समोसे, कटलेट जैसी चीजें मिलती हैं। इन्हें देखकर मन ललचाने लगता है और हम भूख न लगने पर भी इनका सेवन कर लेते हैं। बाहर खुले में बिकने वाली इन चीजों को यात्रा के दौरान खाने की गलती न करें।

**नॉन वेज –** अगर आप सफर के दौरान नॉन वेज खाते हैं तो वह आपके पेट के लिए सहीं नहीं हैं क्योंकि नॉन वेज काफी हेवी होता हैं और उसे पचने मे काफी समय लगता हैं और सफर में हम सिर्फ बैठे रहते हैं और हम ज्यादा हिल डुल नहीं सकते हैं जिससे नॉन वेज पच नहीं पाता हैं। इसलिए ध्यान रहें कि आप सफर के समय में हल्की चीजों का सेवन करें।

**दूध अंडा –** दूध और अंडा भी काफी भारी होते हैं हमारे पेट के लिए और इन्हें पचने में काफी समय लगता हैं तो अगली बार जब भी आप सफर करें तो ध्यान रहें कि आप दूध और अंडे का सेवन ना करें ताकी आपकी सेहत को कोई नुकसान ना हों और आपका सफर अच्छे से बीते।

**केले के चिप्स –** सफर के दौरान आप सूखे केले के चीप्स खा सकते हैं। ये आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे। इसके अलावा एक मुट्ठी बादाम, भूने हुए चने, पिस्ता, सूखे कॉर्नफ्लैक्स और मूंगफली को हल्का सा सरसों के तेल या ऑलिव ऑयल में फ्राई करके पैक करके रख लें। इनके अलावा आप सेब और केले का सेवन भी कर सकते हैं।

# नवविवाहित जोड़ों के लिए ये हैं 5 सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशंस

अपने पार्टनर के साथ कुछ पल अकेले गुजारना चाहते हैं तो ट्रैवलिंग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। खासकर न्यूली वेड्स के लिए तो ऐसा करना बेहद यादगार हो सकता है। यहां है कुछ खास रोमांटिक डेस्टिनेशंस की लिस्ट, जहां आप अपने स्पाउस के साथ जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**पॉन्डिचेरी-** 1499 में वास्को डी गामा ने इसे डिस्कवर किया था। पॉन्डिचेरी या पुडुचेरी दुनिया की सबसे ज्यादा रोमांटिक डेस्टिनेशंस में से एक है। यहां के फ्रेंच कोलोनियल बिल्डिंग्स और खूबसूरत चर्च देखने लायक हैं। होटल कोरामंडल हेरिटेज में आप एक आरामदायक स्टे कर सकते हैं। इसके अलावा प्रोमेनेड और ले रॉयल पार्क भी अच्छे होटल साबित होंगे। स्वाद का आनंद उठाना चाहते हैं तो कैफे जटासी, सत्संगा, बेकर स्ट्रीट बेस्ट हैं। पॉन्डिचेरी जाएं तो प्रोमेनेड बीच, पैरेडाइज बीच, ऑरोविल बीच, सेरेनिटी बीच बिलकुल भी मिस नहीं करें।

**वेनिस-** इटली का वेनिस भी दुनिया की बेहद रोमांटिक जगह में शामिल है। यहां के खूबसूरत कैनाल इस जगह के चार्म और मूड में चार चांद लगा देते हैं। ग्रिटी पैलेस, कार्निवल पैलेस और मोरेस्को जैसे होटल, वेनिस में रहने के लिए सबसे अच्छे माने जाते हैं। कैनाल में एक शानदार बोट-राइड न्यूली-वेड्स के लिए यादगार साबित होगी। ये गोंडोला राइड्स के नाम से मशहूर हैं। कैनाल के अलावा पियाजा सैन मार्को भी जरूर देखें। यहां के ला जुका, रिवेरिआ और अल मेरका जैसे रेस्ट्रॉन्ट्स भी बेहद पसंद आएंगे। कुलमिलाकर प्यार को सेलेब्रेट करने के लिए वेनिस से अच्छी जगह नहीं होगी।

**बोरा बोरा-** बोरा बोरा को परफेक्ट लवर्स पैरेडाइज भी कहा जा सकता है। ये न्यूलीवेड्स के लिए आदर्श हनीमून डेस्टिनेशन है। यहां का माहौल किसी सपने जैसा महसूस होता है। ऐसा लगता है मानो आप दूसरी ही दुनिया में आ गए हों। एक कोजी स्टे के लिए आप होटल ले मेरीडियन, होटल मैटेयी और ब्लू हेवन आइलैंड ट्राय करें। रेस्ट्रॉन्ट्स में ला विला महाना, द लकी हाउज और ते पहु में शानदार मील्स लिए जा सकते हैं। यहां का सनसेट आप अपने पार्टनर के साथ खूब एन्जॉय करेंगे।

**पैरिस-** खुद को एक परफेक्ट रोमांटिक फैंटेसी में देखना चाहते हैं तो पैरिस से अच्छा कुछ नहीं। यहां के होटल रेसिडेंस फो, एक्रोपोल और शांग्रीला में रोमांटिक और बेहद आरामदायक स्टे किया जा सकता है। इस सिटी में अपने पार्टनर का हाथ पकड़कर पैदल घूमने का अलग ही मजा है। नोट्रे डेम या आइकॉनिक एफिल टॉवर में पिक्चर्स क्लिक करवाएं। पैरिस का माहौल आपकी मैरिड लाइफ में काफी रस घोल सकता है।

**कॉट्सवोल्ड्स-** इंग्लैंड का कॉट्सवोल्ड्स हनीमून के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां आपको बहुत प्रिवेसी मिलेगी और साथ ही फिशिंग, स्विमिंग और बोटिंग एन्जॉय करने का वक्त भी मिलेगा। कॉट्सवोल्ड्स में ओल्ड स्टॉक इन, मेटाइम इन और बार्न्सले हाऊस में स्टे करें और यहां के अद्भुत व्यू का आनंद उठाएं। वारविक कासल, एवॉन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे लैंडमार्क्स बिलकुल मिस नहीं करें। सबसे अच्छा खाना खाने के लिए ल्युमिएर, ग्रेप एस्केप और डिनर एट सिक्स जाएं। इस जगह की हरियाली आपके अंदर के नेचर लवर को बाहर निकाल कर ले आएगी। यहां के पार्क में एक रोमांटिक पिकनिक करें। ये आपकी यादों में हमेशा बनी रहेगी।

# प्रेक्षक व कलेक्टर की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम सील

## प्रत्याशियों के किस्मत ईवीएम मशीन में बंद...4 जून को निकलेगा परिणाम...

### तृतीय चरण का मतदान हुआ सम्पन्न कोरिया के मतदाताओं ने मतदान के महापर्व में लिया हिस्सा,बुर्जुग व द्विव्यांग मतदाता बने मिसाल

### बैकुण्ठपुर विधानसभा के अंतर्गत 228 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 132 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 639 एवं तृतीय लिंग मतदाता 6 है...

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर किया आभार व्यक्त सबके सहयोग से मतदान प्रतिशत में हुई बढ़ोतरीः श्री लंगेह





-संवाददाता-
कोरिया,08 मई 2024
(घटती-घटना)।
लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत तृतीय चरण का मतदान आज कोरबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमाक-04 के तहत कोरिया जिले के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में बदलते मौसम व खुशनुमा वातावरण के बीच मतदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि जिले के सभी 306 मतदान केंद्रों पर व्यवस्थित तरीके से मॉक पोल कराने के बाद सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रारम्भ निर्धारित समय पर शुरू हो गया था। गर्मी व उमस के बावजूद सभी मतदान केंद्रों में मतदाता कतार में लगकर मतदान कर रहे थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों- कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी वर्गों के सहयोग के कारण, बड़ी संख्या में मतदान में भाग लेने पर इस बार मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। निर्वाचन कार्य मे बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया,



वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। भीषण गर्मी, उमस व बदलते मौसम के बावजूद जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी उत्साह से मतदान किया, जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए लोगों को अवगत कराया। स्काउट-गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान सहभागिता निभाई, जो सराहनीय रहा। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, वाहन चालकों के पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्व सहायता समूह, स्वास्थ्य स्टॉफ, सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनका कार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### प्रेक्षक व कलेक्टर की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम सील

कोरबा संसदीय निर्वाचन सीट के तृतीय चरण के मतदान के बाद बैकुंठपुर विधानसभा के सभी ईवीएम मशीनों को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक शाला, बैकुंठपुर के स्ट्रांग रूम में जमा कर दी गई हैं। प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को पूरी तरह से सील की गई और सीसीटीवी कैमरे के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। कल 7 मई को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के 67 हजार 644 महिला मतदाता, 69 हजार हजार 373 पुरुष मतदाता व 03 तृतीय लिंग मतदाताओं ने मतदान किए थे। जिसमें पुरुष मतदाता की मतदान प्रतिशत 81.49 व महिला मतदाता की मतदान प्रतिशत 78.99 रहे। इस तरह बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में 80.23 प्रतिशत मतदान हुए हैं। आगामी 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होगा। तब-तक प्रत्याशियों के किस्मत ईवीएम मशीन में बंद रहेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में किया गया सील

## सीसीटीवी और सुरक्षा जवानों द्वारा रखी जा रही है निगरानी

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 मई 2024
(घटती-घटना)।
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए सरगुजा अंतर्गत सूरजपुर जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री गिरीराज दत्त शर्मा (आइआरएस),पुलिस प्रेक्षक मुख्तर मोशीन (आईपीएस),कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा,एआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में प्रेमनगर (04), भटगांव (05) व प्रतापपुर (06) विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग कर दिया गया है। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी भी कराई गई। सुरक्षा जवानो द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी 24/7 रखी जायेगी। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी स्थापित किये गये है।




# कुसमी में बारिश के साथ गिरे ओले



-संवाददाता-
कुसमी,08 मई 2024
(घटती-घटना)।
कुसमी,बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में मौसम में बदलाव देखने को मिला,दरसल मौसम में बदलाव मंगलवार से ही देखने को मिला हल्की-फुल्की बारिश भी हुई,वही बुधवार को सुबह से आसमान में धुप-छाव का मौसम था फिर शाम होते ही बदलो ने आसमान को घेर लिया।ओले के साथ बारिश हुई हालाकि बारिश समाचार लिखने तक उतना भी नही हुई की खेत में पानी भर गया हो,फिलहाल बारिश रुक रुक जारी है बहरहाल इस बारिश से तापमान में गिरावट होने से लोगो को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

# एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर 01 जून तक प्रतिबंध




-संवाददाता-
सूरजपुर,08 मई 2024
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 को संपन्न हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर 19 अप्रैल 2024 से 01 जून 2024 की शाम 06.30 बजे तक प्रतिबंध है और इस अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# एनटीपीसी कोरबा ने लोकसभा निर्वाचन के तीसरे चरण अंतर्गत दो आदर्श मतदान केंद्र में कराए मतदान

-संवाददाता-
कोरबा,08 मई 2024
(घटती-घटना)।
सरस्वती शिशु मंदिर कृष्णा विहार आदर्श मतदान केंद्र में पिंक पोलिंग बूथ क्रमांक 27, 28 और 30 बनाए गए तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/ हिंदी विद्यालय यमुना विहार में बूथ क्रमांक 29 और 31 को महिला सशक्तिकरण थीम के अंतर्गत आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था । एनटीपीसी कोरबा ने इन दोनों मतदान केंद्रों पर सभी मतदाताओं के सुविधा अनुरूप बनाया गया था सुविधाएं जिससे एनटीपीसी के कर्मचारियों को मतदान करने में सुविधा हो साथ ही मतदाताओं को प्रोत्साहित भी जा सके । ये दोनों मतदान केंद्र एनटीपीसी कोरबा द्वारा बनाए गए मॉडल मतदान केंद्र थे। कोरबा विधानसभा अंतर्गत एनटीपीसी कोरबा के सरस्वती शिशु मंदिर तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/ हिंदी विद्यालय मतदान केन्द्रों में महिला मतदान दल द्वारा अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए सुगमतापूर्वक मतदान कराया गया साथ ही मतदाताओं ने एनटीपीसी कोरबा द्वारा बनाए गए आदर्श मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं को देख खूब सराहा ।









## 100 साल के बुज़ूर्ग पहाड़ी कोरवा तेजन राम पहाड़िया और 95 वर्षीय महिला सुबासो ने किया मतदान

### 102 वर्षीय मझियो ने भी अपने मत का किया प्रयोग


-संवाददाता-
जशपुरनगर,08 मई 2024 (घटती-घटना)।
जिले के तीनों विधान सभा में प्रातः 7 बजे से ही मतदान प्रारंभ हो गया है। सबेरे 100 साल के बुजुर्ग पहाड़ी कोरवा तेजन राम पहाड़िया एनएसएस छात्र-छात्रों के साथ मतदान केन्द्र भितघरा पहंचे और मतदान किया। ऐसी ही तस्वीर मतदान केन्द्र पण्डरीपानी से आई है। जिसमें 95 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला सुबासो मतदान करने पहुंची। तस्वीर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक छात्राएं उन्हें व्हील चेयर पर ले जाती हुई दिखाई पड़ रही है। बुजुर्ग महिलाओं में वोट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वोट डालने के लिए 85 वर्षीय बसंती चौहान मतदान केन्द्र पण्डरीपानी पहुंची। मतदान केन्द्र भितघरा में 102 वर्ष की बुजुर्ग महिला मझियों नाग ने भी अपने मत का प्रयोग किया। मतदान करने आए इन बुजुर्गो का कहना है कि यह उनका कर्तव्य नहीं बल्कि उनका धर्म है। इसे हर हाल में पूरा करना चाहिए। जब तक वे जीवित है इसका पालन करते रहेगें। उनका कहना है कि एक वोट भी निर्णायक हो सकता है। इसलिए समाज के हित के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान

## लोकसभा निर्वाचन 2019 की तुलना में 3 प्रतिशत बढ़ा मतदान

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों,मीडिया एवं मतदाताओं का किया आभार व्यक्त

**-संवाददाता-**
**बलरामपुर,08 मई 2024 (घटती-घटना)।**



लोकसभा निर्वाचन 2024 में 07 मई 2024 को मतदान सम्पन्न हुआ था, जिसमें जिले में दर्ज कुल 05 लाख 64 हजार 386 मतदाताओं में से 04 लाख 55 हजार 827 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिले के मतदान का प्रतिशत 80.77 रहा, जिसमें विधानसभा 06-प्रतापपुर के 144 मतदान केन्द्र में डाले गये मतों का प्रतिशत 79.97, विधानसभा 07-रामानुजगंज में डाले गये मतों का प्रतिशत 80.40 तथा विधानसभा 08-सामरी में डाले गये मतों का कुल प्रतिशत 81.57 है। लोकसभा निर्वाचन 2019 में जिले में मतदान का प्रतिशत 77.75 था,जबकि लोकसभा निर्वाचन 2024 में कुल मतदान 80.77 प्रतिशत रहा। अतः लोकसभा निर्वाचन 2019 की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में कुल 3 प्रतिशत् अधिक मतदान हुआ है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी के कारण पिछले चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 के चुनाव के मतदान प्रतिशत् में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के द्वारा जिले के सभी मतदाताओं, निर्वाचन की तैयारी हेतु नियुक्त समस्त नोडल अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी, प्रभारी अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सभी मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ, सफाई कर्मचारी, मितानिन, मनरेगा कर्मचारी,वाहन चालकों तथा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया में सौंपे गये विभिन्न दायित्व के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा एवं कर्मठता से कार्य सम्पन्न करने की कामना की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के जिले में संपादित किये गये कार्यों का सूचना आमजनों तक पहुंचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के जिला स्तरीय तथा खण्ड स्तरीय प्रतिनिधियों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।



## स्ट्रांग रूम किया गया सील...स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात

जिले में मतदान के पश्चात् सभी ईव्हीएम मशीनों के आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भेलवाडीह स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में बनाये गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनों को सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट रखी गई हैं। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। जिले में मतदान संपन्न हो गया है एवं मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को भेलवाडीह स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में होगी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव,सहायक रिटर्निंग अधिकारी,ईव्हीएम नोडल अधिकारी,अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदान अधिकारियों के सकुशल वापसी पर किया अभिनंदन

### चुनचुना एवं पुंदाग के मतदान अधिकारियों को फूलों की माला पहनाकर किया स्वागत








लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने पश्चात् मतदान दलों की सकुशल वापसी पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में मतदान दलों का अभिनंदन किया गया। जिले के दूरस्थ क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 124-चुनचुना एवं 125-पुंदाग में मतदान कराने गए दलों की वापसी पर कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया और उनको सफलतापूर्वक मतदान कराने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्ट्रांग रूम पहुंचने पर मतदान केन्द्र के मतदान अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्र में मतदान कराये जाने के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि प्रातः 07 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई, धीरे-धीरे ग्रामीण मतदाताओं का हुजूम बढ़ता गया और ग्रामीण मतदान करने के लिए उत्साहित दिखे। उनका यह भी कहना था कि ऐसे क्षेत्र के मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग और भागीदारी लोकतंत्र में उनकी जागरुकता को परिलक्षित करता है और यह वाक्या उनके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। जिले में 07 मई को मतदान कराने के लिए संगवारी मतदान दलों में भी अत्यंत उत्साह देखा गया। मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपना मताधिकार का



उपयोग किया। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष तौर पर युवाओं एवं महिलाओं में मतदान के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 01-सरगुजा के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 07 मई 2024 को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान केन्द्रों में प्रातः 07 बजे से ही मतदाताओं की लंबी लाईन देखी गई। मतदान के दौरान जिले में कहीं भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सभी मतदान केन्द्रों में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी, जिले के सभी मतदान केंद्रों में निष्पक्ष चुनाव पूर्ण किया गया।



## लोकसभा निर्वाचन में स्काउट गाइड ने दी मतदाता मित्र के रूप में अपनी सेवाएं





लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 01-सरगुजा अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 06-प्रतापपुर(आंशिक),07-रामानुजगंज और 08-सामरी में बीते मंगलवार 7 मई को हुए मतदान में जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन सभी मतदान केन्द्रों में स्काउट गाइड के द्वारा मतदाता मित्र के रूप में अपनी सेवाएं दी। जिसमें प्रमुख रुप से बुजुर्गों, शारीरिक रूप से अक्षम, दिव्यांगों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए सुविधाओं का उपलब्धता करने में सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही स्काउट गाइड के द्वारा मतदाताओं को पानी पिलाने,बूथ क्रमांक बताना आदि कार्यों को बहुत ही उत्साह पूर्वक पूर्ण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एक्का व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील तथा जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री डी.एन मिश्र ने उक्त कार्य के लिए समस्त स्काउट और गाइड के कार्यों की सराहना की है। साथ ही उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी है।

## कोरबा जिले में कलेक्टर ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए मतदाताओं का माना आभार

### अधिकारी-कर्मचारियों- मीडिया को सहयोग के लिए दिया धन्यवाद




**-संवाददाता-**
**कोरबा,08 मई 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है। कलेक्टर ने आज यहां आईटी कॉलेज परिसर से जारी अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गों के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी की गई।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरूरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने जिम्मेदारी के साथ निष्ठापूर्वक कार्य किया। महिला अधिकारियों ने भी पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मतदान की इस प्रक्रिया को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस,होमगार्ड सहित अन्य सभी व्यक्तियों जिनने सफलतापूर्वक और निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण चुनाव में अपना अमूल्य सहयोग दिया है, के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के प्रति आभार जताया है द्य जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट, सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के द्वारा चुनाव कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को अभ्यर्थियों, आम जनता तक पहुंचाने तथा चुनाव कार्य में सहयोग के लिए उनके प्रति अपना आभार जताया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी सूचनाओं की जानकारी लोगो तक पहुचाने के साथ-साथ कोरबा जिले में चुनाव के दौरान कोई भ्रामक खबर या अफवाह को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन को मीडिया का बेहतर सहयोग मिला। उन्होंने मतदान की सही और सटीक खबरों के प्रसारण को प्रमुख स्थान देने के लिए भी मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा कर की गई सील

**-संवाददाता-**
**कोरबा,08 मई 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन के लिए कोरबा संसदीय क्षेत्र में शामिल कोरबा जिले की चारों विधानसभाओं के सभी मतदान केंद्रों से मतदान दलों की सुरक्षित वापसी हो गई है। 06 मई को रवाना हुए सभी मतदान दल कल 07 मई देर रात तक आईटी कालेज पहुंचते रहे। मतदान दलों के आईटी कॉलेज पहुंचने के बाद ईवीएम मशीनों को जमा करने, विभिन्न प्रपत्रों एवं जानकारियों का मिलान करने के बाद सील बंद मशीनों को चारों विधानसभा वार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मशीनों एवं अन्य सामानों को जमा कराने में प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर अजीत वसंत सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी अलसुबह तक आईटी कॉलेज में तैनात रहे। कटघोरा एवं पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम को भी कटघोरा के शासकीय मुकुटधर कॉलेज से आईटी कॉलेज कोरबा लाया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम में सभी मशीनों को रखकर स्ट्रांग रूम सील किया गया।



इस सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। अब यह स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। स्ट्रांग रूमों में रखी गई ईवीएम मशीनों की चाक-चौबंद सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। चारों स्ट्रांग रूमों के बाहर परिसर पर फोकस किये हुए सीसीटीवी कैमरों से किसी भी गतिविधि पर बारीक नजर रखी जायेगी।

**सूचना**

सर्व महानुभावों को सूचित किया जाता है है कि मै श्रीमती विमला जायसवाल पति श्री रामचन्द्र जायसवाल ग्राम-पो0 बंजा तह0 भैयाथान जिला-सूरजपुर,छ0ग0 का भूमि खसरा नं. 2520/8 का सन् 2017 खरीदी थी जिसका रजिस्ट्री का आखरी दो पन्ना खो गया है जिस किसी के पास यह रह गया हो या मिला हो कृपया निम्न पते पर पहुंचाने या सूचना देने की कृपा करें। जिसकी मै आजीवन आभारी रहूँगी।

श्रीमती विमला जायसवाल
ग्राम-पो0 बंजा
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)
मो0नं.- 8120306245
6263432358

**Name change**

I MOHAMMAD NAVED KHAN S/O shri MOHAMMAD HANIF KHAN Resident of Near Oraon Shopping Complex, Hanif House, Fundurdihari,Patelpara, Ambikapur, Surguja, Pin: 497001, Chhattisgarh, India hereby declare that have changed my name from MOHAMMAD NAVED KHAN S/O MOHAMMAD HANIF KHAN TO NAVED KHAN S/O MOHAMMAD HANIF KHAN in all the Government approved Identitty proofs to be used for various purpose in the future.

Deponent
Name-: NAVED KHAN
Adress:- Near Oraon Shopping Compled,Hanifi House,Fundurdihari,Patelpara Ambikapur,Surguja, Pin:- 497001,Chhattisgarh,india

**न्यायायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण ग्राम खुरनडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार आ0 बिरजा व अन्य 05, जाति अहीर, निवासी ग्राम खुरनडीह, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम खुरनडीह, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 76/38 रकबा 0.229 हे0 में से 18 डिसमिल भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा,नक्शा,रजिस्ट्री आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 14/05/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) धौरपुर,सरगुजा

# टी 20 वर्ल्ड कप के लिए आयरलैंड टीम का ऐलान

### » पॉल स्टर्लिंग को सौंपी गई कमान

**आयरलैंड,08 मई 2024।** आगामी टी 20 वर्ल्ड कप के लिए लगभग सभी देशों ने अपने टी 20 स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इसी कड़ी में आयरलैंड ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जहां पॉल स्टर्लिंग को कप्तान बनाया गया। वहीं इस टीम में स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। आयरलैंड टी 20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रूप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा।

ग्रूप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। टीम ने 2009 में पदार्पण करते हुए सुपर आठ चरण में जगह बनाई थी।




### आयरलैंड की टीम इस प्रकार है...

पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क एडेयर, रॉस एडेयर, एंड्रयू बेलबिर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कान टकर, बेन व्हाइट और क्रेग यंग।

पापुआ न्यू गिनी ने भी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। असद नौ अन्य खिलाड़ियों और जैक गार्डनर के साथ 2021 में ओमान और यूएई में हुए टूर्नामेंट की टीम का भी हिस्सा थे। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया गया है जबकि 20 साल के स्पिनर जॉन केरिको टीम के सबसे युवा खिलाड़ी हैं। पापुआ न्यू गिनी ने पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफार जीतकर दूसरी बार टी20 विश्व कप में जगह बनाई है। टीम अपने अभियान की शुरुआत दो जून को गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रुप सी मुकाबले के साथ करेगी।

### टीम इस प्रकार है...

असद वाला (कप्तान), सीजे अमिनी, एली नाओ, चाड सोपर, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, काबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ और टोनी उरा।

## तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली,08 मई 2024।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि की है। ये पहला मौका होगा जब वह तीन साल में पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी पीटीआई से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था।चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

## माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी की नीलामी



**ब्राजील,08 मई 2024।** महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गयी है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। माराडोना मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। हालांकि बाद में यह ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया।अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था।

## व्हीलचेयर टेनिस चैंम्पियनशिप के माध्यम से एथलीटों को सशक्त बनाने फर्स्ट सर्व और एआईटीए आए साथ

**नई दिल्ली,08 मई 2024।** रेयान पुंज द्वारा स्थापित एनजीओ फर्स्ट सर्व ने हाल ही में यहां डीएलटीए स्टेडियम में एआईटीए व्हीलचेयर टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का आयोजन किया, जो भारत में टेनिस के खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है। रेयान पुंज के नेतृत्व में फर्स्ट सर्व ने दिव्यांग लोगों के लिए खेलों का आयोजन और इसकी बढ़ोतरी के लिए हमेशा आवाज उठाई है। हर बाधाओं को दूर करने और एथलीटों के लिए अवसर पैदा करने का संगठन का मिशन पूरे देश में गूंज रहा है, इसलिए एआईटीए व्हीलचेयर टेनिस चैंपियनशिप भारतीय टेनिस परिदृश्य में एक प्रमुख आयोजन के रूप में उभर रही है। चैंपियनशिप में 3.5 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया, जो पूरे भारत के शीर्ष क्रम के व्हीलचेयर टेनिस खिलाड़ियों को आकर्षित करता है। कार्तिक के और शिल्पा केपी जैसे प्रसिद्ध एथलीटों ने इसमें भाग लिया और राष्ट्रीय गौरव के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।



चैंपियनशिप का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने किया। दूरदर्शन-डीडी स्पोर्ट्स ने चैंपियनशिप फाइनल का लाइव कवरेज किया, जिसमें देश भर के दर्शकों को कौशल का प्रदर्शन देखने का मौका मिला। इस मौके पर रेयान पुंज ने कहा, मैं खेलों में पहुंच और सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए एआईटीए व्हीलचेयर टेनिस चैंपियनशिप के साथ सहयोग कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। टेनिस के माध्यम से, हमारा लक्ष्य नई पीढ़ी को प्रेरित करना है जो अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

## बीसीसीआई ने सैमसन पर ठोका जुर्माना

**नई दिल्ली,08 मई 2024।** शतक से चूकने और टीम की हार के बाद संजू सैमसन को एक तीसरा झटका लगा है। मंगलवार को दिल्ली के खिलाफ मैदानी अंपायरों के साथ तीखी बहस के लिए आरआर कप्तान पर बीसीसीआई ने मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया।डीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 221 रन बनाए थे। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 201 रन ही बना सकी।सैमसन की 46 गेंदों में 86 रनों की बेहतरीन पारी का अंत विवादित रहा। शाई होप ने मुकेश की गेंद पर बाउंड्री रोप के पास सैमसन का एक शानदार कैच लपका।ऐसा लगा कि होप ने गेंद को सफलतापूर्वक पकड़ लिया था और कई रीप्ले को देखकर भी यही लगा, लेकिन एक ऐसा एंगल भी था जिसने कैच को लेकर थोड़ा संदेह पैदा कर दिया। हालांकि, तीसरे अंपायर ने अंततः पहले दो रीप्ले पर भरोसा किया और सैमसन को आउट घोषित कर दिया। इसके बाद शुरुआत में डगआउट की ओर बढ़ रहे सैमसन रिप्ले देखने के बाद अंपायर के फैसले से असंतुष्ट दिखे और अंपायरों से बहस करने लगे।



## गुलशन देवैया और सैयामी खेर की फिल्म 8 एएम मेट्रो 10 मई को जी 5 पर होगी रिलीज



गुलशन देवैया और सयामी खेर की फिल्म 8 एएम मेट्रो पिछले साल 19 मई, 2023 को रिलीज हुई थी। उस वक्त काफी कम दर्शक फिल्म को सिनेमाघरों में देखने गए थे। हालांकि, आलोचकों की ओर से मिली अच्छी प्रतिक्रियाओं के बाद कई लोगों ने इसे देखने का मन बनाया। ऐसे दर्शक, जो इस फिल्म को नहीं देख पाए थे, उनके लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है।लगभग एक साल बाद दर्शकों को 8 एएम मेट्रो को देखने का मौका मिलने वाला है। दरअसल, बड़ा अपडेट यह है कि फिल्म जल्द ही ओटीटी पर स्ट्रीम होने वाली है। दर्शक इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर देख पाएंगे। इसकी स्ट्रीमिंग 10 मई से शुरू होगी। फिल्म का निर्देशन राज रचाकोंडा ने किया है। वही इस फिल्म के लेखक भी हैं। बताते चलें कि यह फिल्म तेलुगु उपन्यास अंदामैना जीविथम पर आधारित है, जिसे मल्लादी वेंकट कृष्ण मूर्ति ने लिखा है। फिल्म का संगीत मार्क के. रॉबिन ने तैयार किया है।8 एएम मेट्रो की कहानी मेट्रो में मिलने वाले दो अनजान लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है। कैसे उनकी मुलाकात सुबह 8 बजे वाली मेट्रो में होती है और कैसे उनका रिश्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ता है। फिल्म इसी को दिखाते चलती है। सयामी ने इस फिल्म में इरावती का किरदार निभाया है। फिल्म में गुलजार की कई कविताएं सुनने को मिलती है। मालूम हो कि उन्होंने ही फिल्म का पोस्टर भी लॉन्च किया था।

## तमन्ना भाटिया बड़ी रकम चार्ज की तमिल कॉमेडी हॉरर मूवी में अपनी भूमिका के लिए

तमन्ना भाटिया वर्तमान में अपनी नवीनतम रिलीज़ फिल्म अरनमनई 4 की सफलता का आनंद ले रही हैं, जो 3 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को रिलीज होने पर प्रशंसकों और आलोचकों से समान रूप से मिश्रित समीक्षा मिली। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म 40 करोड़ रुपये के बजट पर बनी है। हालाँकि, क्या आप जानते हैं कि अरनमनई 4 की मुख्य अभिनेत्री को उनकी भूमिका के लिए कितना भुगतान किया जाता है? यहां वह सब कुछ है जो आपको जानना आवश्यक है।

अरनमनई के लिए तमन्ना भाटिया की सैलरी 4 मीडिया की विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, यह सुझाव दिया गया है कि अभिनेत्री को फिल्म में उनकी भूमिका के लिए 4 से 5 करोड़ रुपये का भुगतान मिला है। दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में शीर्ष अभिनेत्रियों में से एक के रूप में पहचानी जाने वाली तमन्ना भाटिया आमतौर पर प्रति फिल्म 2 से 5 करोड़ रुपये तक की फीस लेती हैं। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये आंकड़े काल्पनिक हैं और अभी तक फिल्म निर्माताओं द्वारा स्वयं इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अभी तक, प्रोडक्शन टीम ने इन वित्तीय विवरणों की पुष्टि या खंडन करने के लिए कोई बयान जारी नहीं किया है। अरनमनई 4 भारतीय फिल्म उद्योग की 2024 में रिलीज होने वाली फिल्म है, विशेष रूप से तमिल भाषा की शैली में, जिसमें कॉमेडी और हॉरर का मिश्रण है। यह फिल्म एक सहयोगी रचना है, जिसका निर्देशन सुंदर सी ने किया है, जिन्होंने वेंकट रागवन और एस.बी. के साथ पटकथा में भी योगदान दिया है। रामदास. यह फिल्म लोकप्रिय ÷अरनमनई÷ श्रृंखला की चौथी किस्त है। फिल्म का निर्माण खुशबू सुंदर की अवनी सिनेमैक्स और ए.सी.एस. द्वारा प्रबंधित किया गया है। अरुण कुमार की बेंज मीडिया (पी) लिमिटेड, उच्च गुणवत्ता वाला सिनेमाई अनुभव सुनिश्चित करती है।



अरनमनई 4 के कलाकार एक मजबूत समूह हैं, जिसमें तमिल फिल्म उद्योग के कुछ जाने-माने नाम शामिल हैं। सुंदर सी न केवल कैमरे के पीछे बल्कि मुख्य अभिनेता के रूप में भी केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। उनके साथ तमन्ना भाटिया, राशि खन्ना, संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश और के.एस. शामिल हैं। रविकुमार, जिनमें से सभी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाते हैं, फिल्म के चरित्र की गतिशीलता में गहराई और विविधता जोड़ते हैं।

## आगामी फिल्म टिप्सी को लेकर बेहद उत्साहित हैं अलंकृता सहाय

अलंकृता सहाय वास्तव में बड़े समय पर और वास्तविक रूप से हावी रही हैं। साल 2023 उनके लिए हर तरह से अभूतपूर्व रहा है। चाहे वह अविश्वसनीय और चार्टबस्टर संगीत वीडियो हो या कुछ शीर्ष पुरस्कार और एक के बाद एक मिलने वाली प्रशंसा, हमने वास्तव में यह सब उसके अंत में घटित होते देखा है। वह तरोताजा हैं और 2024 में सूट्स यू, मोटे पेग 2 और अब जैसी अपनी हालिया परियोजनाओं की सफलता पर सवार हैं।इस आकर्षक दिवा के लिए यह फिल्म देखने का समय है। अभिनेत्री टिप्सी नाम की एक बड़ी फिल्म में नजर आने के लिए तैयार है, जिसे दीपक तिजोरी द्वारा निर्देशित और राजू चड्ढा वेव्स और पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है।फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अलंकृता ने इसमें काम किया है। इस पर बेहद सख्त होने से उसका उत्साह आसमान छू रहा है। यह पूछे जाने पर कि इस फिल्म में उनके प्रशंसकों को उनसे क्या उम्मीद करनी चाहिए, अभिनेत्री ने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें मैंने वास्तव में अपना सब कुछ दिया है क्योंकि मैंने इस फिल्म की शूटिंग अपने पिता के निधन के तुरंत बाद की थी। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो पिछली सफलता का जश्न मनाने के मामले में स्थिर रहना पसंद करते हैं। जो बीत गया वह बीत गया और यह है। भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना हमेशा बेहतर होता है। हां, 2023 अच्छे गानों और एक शानदार ओटीटी प्रोजेक्ट के मामले में मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है। टिप्पसी में ट्रिपल पी वह है, वह होने वाली दुल्हन है और मेरी भूमिका इससे बहुत अलग है। मेरे दर्शकों ने मुझे पहले भी ऐसा करते हुए देखा है। मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी कार्यशालाएं सही तरीके से की हैं कि मैं वही कर पा रही हूं जो निर्माता और निर्देशक मुझसे उम्मीद करते हैं। ट्रेलर शानदार रहा है और मैं ट्रेलर के बाद मिली तारीफों से रोमांचित हूं।



## प्रकृति हमें ठीक करती है



अभिनेत्री नरगिस फाखरी जंगल में रहना चाहती हैं, क्योंकि उनका कहना है कि प्रकृति के बीच दिन बिताने से बेहतर कुछ नहीं है। नरगिस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह जंगल में ट्रैकिंग करती नजर आ रही हैं। अपने ठिकाने के बारे में विवरण साझा किए बिना, नरगिस ने लिखा, मैं जंगल में रहना चाहती हूं, इसके लिए जागने और प्रकृति में अपने दिन बिताने से बेहतर कुछ नहीं है। मैं बहुत आभारी और धन्य महसूस करता हूँ; प्रकृति हमें ठीक करती है।अपने काम के बारे में बात करते हुए, नरगिस, जिन्होंने 2011 में रणबीर कपूर-स्टारर रॉकस्टार के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की, अभिनेत्री अगली बार तेलुगु पीरियड एक्शन एडवेंचर फिल्म हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1-स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट में दिखाई देंगी, जिसमें पवन कल्याण और बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म कथित तौर पर मुगल काल पर आधारित है।

## मिस्टर एंड मिसेज माही के नए पोस्टर्स हुए रिलीज

जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की जोड़ी पहली बार दर्शकों को फिल्मी पर्दे पर देखने को मिलेगी। ये दोनों पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में दोनों का किरदार क्या होगा इस पर तो अभी भी सस्पेंस कायम है, लेकिन दोनों की जिंदगी क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी इसका अंदाजा फिल्म के नए पोस्टर से लगाया जा सकता है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म इस महीने में ही रिलीज हो रही है। हाल ही में मेकर्स ने मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज किया है, जो काफी इंटरेस्टिंग है। क्रिकेट के अलावा मिस्टर माही को किससे है प्यार? फिल्म की लीड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर और निर्माता करण जौहर ने हाल ही में मिस्टर एंड मिसेज माही से कई नए पोस्टर्स शेयर किये हैं। पहले पोस्टर में जहां दोनों ने दोनों ने इंडियन क्रिकेट टीम की जर्सी पहनी हुई है और स्टेडियम में दोनों काफी खुश होते हुए दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं दूसरे पोस्टर में क्राउड के बीच दोनों इंडियन क्रिकेट टीम को चीयर कर रहे हैं।




वहीं अन्य पोस्टर दोनों के क्लोज फेस का है, जिसमें वह दोनों स्माइल कर रहे हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से इन नए पोस्टर्स को शेयर करते हुए जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, मिलिए मिस्टर औ मिसेज माही से, इनके लिए लाइफ ही क्रिकेट है और क्रिकेट ही लाइफ है। क्रिकेट से बढ़कर मिस्टर माही के लिए उनकी सिर्फ डियर वाइफ है÷। कब रिलीज हो रही है मिस्टर एंड मिसेज माही? मिस्टर एंड मिसेज माही में क्रिकेट के अलावा जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की इंपरफेक्टली-परफेक्ट रिलेशनशिप कहानी को लोगों को फिल्मी पर्दे पर देखने को मिलेगी। फिल्म के निर्देशन की कमान शरण शर्मा ने संभाली है, जो इससे पहले जाह्नवी कपूर के साथ गुंजन सक्सेना-द कारगिल गर्ल्स बना चुके हैं। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# छत्तीसगढ़ बोर्ड 10 वीं,12 वीं का रिजल्ट आज होगा जारी




**रायपुर,08 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ बोर्ड 10 वीं और 12 वीं का रिजल्ट बहुत आज जारी होने वाला है।. इस साल की बोर्ड परीक्षाओं के लिए करीब 6.10 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। बोर्ड रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट भी जारी करेगा।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आज मई को जारी होगा। दोनों कक्षाओं के रिजल्ट के साथ टॉपर्स की टॉप-10 सूची भी जारी की जाएगी। रिजल्ट जारी होने के बाद इसे छत्तीसगढ़ बोर्ड की वेबसाइटों सीजीबीएसई.एनआईसी.आईएन. या रिजल्ट.सीजी.एनआईसी. आईएन पर चेक किया जा सकेगा।

छत्तीसगढ़ बोर्ड 10 वीं और 12 वीं का रिजल्ट आज दोपहर 12.30 बजे जारी होगा। रिजल्ट की घोषणा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सभागृह में बोर्ड की अध्यक्ष रेणु पिल्ले करेंगी। आचार संहिता की वजह से इस बार राज्य के शिक्षा मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। यह जानकारी बोर्ड सचिव पुष्पा साहू ने दी है।

### 6.10 लाख बच्चों को रिजल्ट का इंतजार

छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से 21 मार्च तक और 12 वीं की 1 मार्च से 23 मार्च तक आयोजित की गई थी। इस साल की बोर्ड परीक्षाओं के लिए करीब 6.10 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें से 2 लाख 62 हजार बच्चे 12 वीं और 3 लाख 47 हजार 10 वीं के हैं। छत्तीसगढ़ बोर्ड का रिजल्ट पिछले साल 10 मई को जारी हुआ था। जिसमें 12 वीं में 79.96 प्रतिशत और 10 वीं में 75.5 बच्चे पास हुए थे।10 वीं में राहुल यादव और 12 वीं में विधि ने टॉप किया था।

### टॉपर्स किए जाएंगे सम्मानित

छत्तीसगढ़ बोर्ड 10 वीं और 12 वीं के टॉपर्स को राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा.बोर्ड की ओर से दोनों ही कक्षाओं के टॉपर्स के नाम अलग-अलग जारी किये जायेंगे।

## सीजी बोर्ड के परिणाम को लेकर सीएम साय ने छात्रों को दी अग्रिम बधाई,

### असफल छात्र न हों निराश, सरकार आपके अभिभावक की तरह आपके साथ...

· गरुवार को आने वाले सीजी बोर्ड के परिणाम को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने छात्रों को अग्रिम बधाई दी है। साथ ही कहा है कि अगर किसी कारण कोई बच्चे नंबर की दौड़ में उतने आगे नहीं भी बढ़ पाए हों, तो चिंता की बात नहीं है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार आपके अभिभावक की तरह आपके साथ है। जीवन में सदैव आगे बढ़ें।



मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिए छात्रों से कहा है कि प्रिय बच्चों, कल सीजी बोर्ड के परिणाम आने वाले हैं. जिनके परिणाम अपेक्षा के अनुरूप आयेंगे उन्हें अग्रिम बधाई, अगर किसी कारण आप नंबर की दौड़ में उतने आगे नहीं भी बढ़ पाए हों, तो चिंता की बात नहीं है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है. छत्तीसगढ़ सरकार आपके अभिभावक की तरह आपके साथ है. जीवन में सदैव आगे बढ़ें।



## अनिल टुटेजा ने एफ आईआर को दी चुनौती

» हाईकोर्ट में दोनों तरफ से हुई बहस,

» अब जून में होगी अगली सुनवाई

**बिलासपुर,08 मई 2024(ए)।** शराब घोटाला मामले में आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा ने ईडी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को चुनौती दी है। टुटेजा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट सिध्दार्थ अग्रवाल ने बहस की तो वहीं शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी बुधवार को हाईकोर्ट में पेश हुए।. दोनों तरफ से बहस अधूरी रही। अब मामले में अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद जून में होगी।

## संक्षिप्त खबर

### चंदन कुमार को दिया गया आयुक्त चिकित्सा शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार




**जनक प्रसाद पाठक की जगह लेंगे चार्ज**

**रायपुर,08 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव आईएएस चंदन कुमार को आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।.बता दें कि भारत सरकार ने आईएएस जनक प्रसाद पाठक आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा की ड्यूटी उत्तर प्रदेश में 5 मई 2024 से 4 जून 2024 तक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगाई है। जिसके चलते राज्य शासन ने आईएएस चंदन कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### शिव भक्त ने काटा जीभ,फिर पत्थर को चढ़ाया



**दुर्ग,08 मई 2024(ए)।** जिले के अंजोरा चौकी क्षेत्र में एक युवक ने अपनी जीभ काट ली। वहीं पुलिस अंधविश्वास का मामला मानकर मामले की जांच कर रही है। यह घटना थनौद की है। मिली जानकारी के मुताबिक, आज सुबह गांव के तालाब के पास अचानक एक 33 वर्षीय युवक राजेश्वर निषाद ने अपना जीभ काटकर एक पत्थर के पास रख दिया। गांव वालों ने उसे लहूलूहान हालत में देखकर तत्काल 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 की टीम मौके पर पहुंचकर उसे इलाज के लिए जिला अस्साल दुर्ग ले गया ।

### महिला ने पति के प्राइवेट पार्ट पर किया हमला



**बालोद,08 मई 2024(ए)।**छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। छोटी सी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्साई महिला ने अपने पति के प्राइवेट पार्ट को दांतों से काट दिया। इस घटना में जख्मी पति अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया। वहीं मामले में पत्नी के खुइलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया। यह मामला डौंडीलोहारा के संजारी चौकी का है।

## राधिका खेड़ा केस में कांग्रेस प्रवक्ता की बढ़ सकती है मुश्किलें

» 2 जिलों में एफआईआर की तैयारी...

» कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस एफ आईआर दर्ज कर राधिका केस जाँच में ले सकती है...

» प्रदेश कांग्रेस के नेता मामले को दबाने में लगे है ...

» छग पुलिस को राधिका खेड़ा के रायपुर आने का इंतजार...

» महिला उत्पीड़न जैसी विभिन्न गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज होने की संभावना...



**रायपुर,08 मई 2024(ए)।** राधिका खेड़ा केस में कांग्रेस प्रवक्ता की मुश्किलें बढ़ सकती है। सूत्रों से जानकारी आ रही है कि राधिका खेड़ा अपनी लड़ाई को अपने अस्तित्व बचाने के लिए नहीं नारी अस्तित्व को ज़िंदा रखने के लिए कर रही है। अब ये लड़ाई खुलेतौर पर नया रंग नया गुल खिलाएंगे। छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी राधिका खेड़ा के मामले में कोरबा में हुई उत्पीड़न और बदतमीजी को अलग नज़रिए से देखेगी। उसमें अलग केस दर्ज होगा। साथ ही रायपुर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई घटना को भी अलग तरीक़े से महिला उत्पीड़न का मामला अलग से दर्ज कर सकती है। उपरोक्त दोनों ही केस अलग अलग जिलों के होने के कारण अलग अलग थानों में भी दर्ज किया जा सकता है। बहुत जल्द राधिका खेड़ा को रायपुर पुलिस राजधानी बुला सकती है। राधिका खेरा संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने कहा कि बाद में बात करती हूँ पूरी जानकारी और विस्तार से ख़बर के लिए आपको पिछले दिनों जो घटना हुई उस घटना पर है नज़र के सामने लाना होगा।

सुप्रिया श्रीनेत और अलका लाम्बा पर भड़की राधिका खेड़ा, दोनों महिला होकर भी... बता दें कि राधिका खेड़ा लगातार मीडिया पर हर दिन बड़े खुलासे कर रही हैं। अबतक उनके निशाने पर जहाँ छत्तीसगढ़ के ही नेता थे तो वही राधिका खेड़ा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी निशाने पर ले लिया हैं। राधिका ने कहा हैं कि न ही राहुल गांधी और न ही प्रियंका गांधी में रीढ़ की हड्डी हैं। राधिका खेड़ा ने एक टीवी इंटरव्यूव पर बताया कि उनके साथ छत्तीसगढ़ में हुई बदसलूकी के बाद उनके पार्टी की चर्चित महिला नेत्री सुप्रिया श्रीनेत और अलका लाम्बा ने उन्हें फोन तक नही किया। जब उन्होंने पार्टी से इस्तीफ़ा दिया तो दोनों ने उन्हें ट्विटर (अब एक्स) पर उसे अनफॉलो भी कर दिया। बावजूद इसके कि दोनों ही महिलाएं हैं और अलका लाम्बा तो खुद महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष। राधिका खेड़ा ने कहा कि पार्टी में उन्हें किसी नेता या नेत्री का साथ नहीं मिला। वह अपने साथ हुए घटना की जानकारी के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पीए को फोन लगाती रही लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्हें पार्टी के भीतर सिर्फ नेता का साथ मिला वो हैं पवन खेड़ा। उन्होंने मुझसे हर घटना के बारें में जानकारी ली।



## पप्पू ढिल्लन एसीबी की न्यायिक रिमांड में भेजे गए जेल

**रायपुर,08 मई 2024(ए)।** दुर्ग जिले में शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को 16 मई तक जेल भेजा गया है। ढिल्लन और विजय भाटिया के घर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीमों ने छापेमारी की थी।एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीमें बुधवार सुबह करीब 4-5 गाड़ियों में भिलाई नेहरू नगर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि टीम पंचनामा कार्रवाई कर सील किए गए कमरों और अलमारी की तलाशी ले रही है। इसके बाद जो भी दस्तावेज या सबूत मिलेंगे, उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले एसीबी ने पप्पू के घर में कई अलमारी और कमरों को सील कर दिया था। पिछली बार छापेमारी के दौरान सुपेला पुलिस ने विदेशी शराब जब्त कर आरोपी जसजीत ढिल्लन को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसे नोटिस देकर छोड़ा गया था। ये चौथी बार है जब पप्पू ढिल्लन के घर में एसीबी की छापेमारी कीहै। इससे पहले ईडी की टीम भी यहां छापा मार चुकी है।

## लिव इन रिलेशनशिप भारतीय संस्कृति के लिए कलंक : छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट



**रायपुर,08 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की याचिका को खारिज कर दी है, जो बच्चे की कस्टडी को लेकर थी। लिव इन रिलेशन में रहने वाले कपल ने बच्चे को जन्म दिया था। बाद में महिला अलग हो गई थी। इसके बाद बच्चे के बॉयलॉजिकल पिता ने कोर्ट में कस्टडी के लिए याचिका लगाई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने व्यक्तिगत कानूनों और अंतरधार्मिक विवाहों की जटिलताओं पर जोर दिया है।

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप को लेकरअहम फैसला दिया है। अदालत ने लिव इन रिलेशनशिप को 'कलंक' बताया है। अदालत ने कहा है कि यह भारतीय संस्कृति के लिए कलंक है। हाई कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह वेस्टर्न कंट्री ने लाई गई सोच है, जो कि भारतीय रीति-रिवाजों की सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है।


### लिव इन रिलेशनशिप पर कोर्ट की सख्त टिप्पणी

जस्टिस गौतम भादुड़ी और संजय एस अग्रवाल की डबल बेंच ने लिव इन रिलेशनशिप में बने संबंध से पैदा हुए बच्चे की कस्टडी मामले में सख्त टिप्पणी की। दरअसल बच्चे की कस्टडी को लेकर पिता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने यह याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि समाज के कुछ क्षेत्रों में अपनाए जाने वाली लिव इन रिलेशनशिप अभी भी भारतीय संस्कृति में कलंक के रूप में जारी है, क्योंकि लिव इन रिलेशनशिप आयातित धारणा है, जो कि भारतीय रीति की सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है।

### अदालत अपनी आंखें नहीं मूंद सकती

अदालत ने कहा कि एक विवाहित व्यक्ति के लिए लिव इन रिलेशनशिप से बाहर आना बहुत आसान है। ऐसे मामलों में उक्त कष्टप्रद लिव इन रिलेशनशिप से बचे व्यक्ति की वेदनीय स्थिति और उस रिश्ते से जन्मी संतानों के संबंध में न्यायालय अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती। अदालत ने इस रिश्ते को भारतीय मान्यताओं के खिलाफ बताया है।

## जांजगीर के 3 मजदूरों की हैदराबाद में मौत



» मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया दुःख

» जांजगीर-चांपा जिला प्रशासन को दिए आवश्यक सहायता देने के निर्देश

**रायपुर,08 मई 2024(ए)।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में निर्माणाधीन इमारत गिरने से जांजगीर-चांपा जिले के 3 लोगों सहित ओडिशा के 7 लोगों के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल ङ्क पर उन्होंने लिखा है कि - हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के चलते निर्माणाधीन इमारत के गिरने से जांजगीर-चांपा जिले के 3 लोगों सहित ओडिशा के 7 मजदूरों के निधन की दुःखद खबर प्राप्त हुई। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। दुःख की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ खड़ी है। जांजगीर-चांपा जिला प्रशासन को हैदराबाद के स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य बनाते हुए मृतकों के परिजनों के बारे में जानकारी जुटाकर, आवश्यक सहायता देने के निर्देश दे दिए हैं। गौरतलब है कि मंगलवार की रात हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के चलते निर्माणाधीन इमारत के गिर जाने से जांजगीर-चांपा जिले के नवापारा के रहने वाले श्रमिक राम यादव, उसकी पत्नी गीताबाई और उसके 4 साल के पुत्र हिमांशु की मौत हो गई। इसके अलावा ओडिशा के भी 4 मजदूरों की मौत की भी खबर मिली है।

## जग्गी हत्याकांड मामले में फिरोज सिद्दीकी को मिली राहत

**रायपुर,08 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के चर्चित जग्गी हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट से दोषी ठहराए गए फिरोज सिद्दीकी को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट के आर्डर पर उन्हें रायपुर कोर्ट लाया गया, जहां उन्होंने दो बॉन्ड और दो जमानतदार प्रस्तुत किया। दरअसल फ़िरोज़ सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में जग्गी हत्याकांड में सजा के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिस पर उन्हें जमानत का लाभ देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दो जमानतदारों के साथ जिला अदालत से जमानत लेने की अनुमति दी। याचिका में सिद्दीकी ने खुद को बेगुनाह और निर्दोष बताया था।



## 3 चरणों के बाद देश में बन रही कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार :दीपक बैज

**रायपुर,08 मई 2024(ए)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद तस्वीर बहुत हद तक साफ हो गयी। 400 का नारा देने वाली भाजपा 150 नहीं पहुंच रही है। आधे से ज्यादा सीटों पर चुनाव हो गया है। भाजपा इन सीटों पर बुरी तरह पिछड़ चुकी है। देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। तीन चरणों के मतदान के बाद मोदी और भाजपा घबरा गये उनके भाषणों का रुख बदल गया। वे अपनी 10 साल की कोई भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे है। चुनाव को हिन्दू, मुस्लिम, मंगलसूत्र, मछली, मटन, मीट तक ले जाने की तमाम कोशिशे मोदी और उनके साथियों ने किया।लेकिन तीसरे चरण क़े मतदान क़े बाद साफ हो गया भाजपा क़े बहकावे मे जनता नहीं आयी। इस चुनाव में भाजपा का हिडन एजेंडा संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके। लेकिन भाजपा की यह बदनीयती खुलकर जनता के सामने आ गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस चुनाव के प्रचार को कांग्रेस पार्टी ने सकारात्मकता के साथ किया। हमने अपने न्याय पत्र को जनता के सामने रखा है। यही कारण है कि देश भर में जनता बदलाव के लिये मतदान कर रही है।तीन चरणों में यह साबित हुआ। किसान, मजदूर, महिलाएं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने लामबंद है। किसान, मजदूर भी केंद्र में बदलाव के पक्षधर हो गये है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश में शेष चरणों में भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान होगा। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)